हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 122, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 अक्टूबर, 2022 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

धनतेरस पर पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश के 4.51 लाख परिवारों को कराया गृह प्रवेश

मध्यप्रदेश में 2024 तक कोई गरीब कच्ची झोपड़ी में नहीं रहेगा

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर मध्यप्रदेश के साढ़े चार लाख से अधिक हितग्राही परिवारों को उनके नवनिर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराया। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया कि मध्यप्रदेश में 2024 तक कोई गरीब कच्ची झोपड़ी में नहीं रहेगा। सबके पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हम पर विशेष स्नेह है। जब वे उज्जैन आए थे तो उन्होंने इस भव्य, दिव्य, अलौकिक स्थान को देखकर विचार व्यक्त किया था कि महाकाल महालोक बहुत अद्भुत है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अब नवनिर्मित परिसर श्री महाकाल महालोक ही कहलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार जनता की जिंदगी बदलने के लिए कटिबद्ध है। सबको राशन, सबको मकान और सबके इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज कराया जा रहा है। इससे

पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना बाण सागर ग्रामीण जल प्रदाय योजना के प्रथम चरण में 1133 करोड़ रुपये की लागत से 988 गांवों में नल से हर घर जल पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही 2,153 करोड़ रुपये की लागत कीसतना बाणसागर-2 जल समूह योजना भी स्वीकृत की गई है। सतना के गांव और शहरों के विकास में प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी को सदानीरा बनाए रखने के लिए 250 करोड़ रुपये की गौरी सागर परियोजना स्वीकृत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में सतना में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्के मकानों के गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 280 करोड़ 13 लाख 47 हजार रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री सिसोदिया, सांसद गणेश सिंह उपस्थित थे।

मोर दीपक प्रज्ज्वलित कर पीएम मोदी करेंगे अयोध्या दीपोत्सव- 2022 का शुभारंभ

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छोटी दीपावली यानी 23 अक्टूबर को भगवान राम की नगरी अयोध्या में करीब चार घंटे के प्रवास पर रहेंगे। पीएम मोदी अयोध्या के एतिहासिक दीपोत्सव का शुभारंभ भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अयोध्या में शाम को मोर दीपक जलाकर दीपोसत्सव 2022 का शुभारंभ करेंगे। मोर दीपक को अयोध्या के अवध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तैयार किया है। इस विशेष दीप को अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ललित कला (फाइन आर्ट्स) विभाग के विद्यार्थियों ने तैयार किया है। राष्ट्रीय पक्षी मोर जैसे बनाए गए इस दीपक को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मुख्य मंच पर प्रज्ज्वलित होने वाले इस दीपक को लकड़ी, मिट्टी, फेविकोल, पुआल, रंग आदि के प्रयोग किया गया है। यह दीपोत्सव में प्रज्ज्वलित 15 लाख दीपों का नेतृत्व करेगा। इस दीप की विशेषता स्वदेशी तकनीक है। भव्य दीप विश्व में विभिन्न प्रकार के पक्षियों के संरक्षण का संदेश प्रस्तुत करेगा।

भगवान बांके बिहारी ने चुकाया 3.50 करोड़ रुपयों का आयकर

मथुरा। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान बांके बिहारी भी आयकर दाता हैं। उन्होंने 3.50 करोड़ रुपए आयकर जमा किया है। भगवान के बैंक खाते में 248 करोड़ रुपए जमा है। बांके बिहारी मंदिर के नाम से आयकर रिटर्न दाखिल की जाती है। दान की राशि का 85 फीसदी पैसा सार्वजनिक कार्यों पर खर्च नहीं होता है, तो इस पर इनकम टैक्स देना पड़ता है। वर्ष 2021 -22 में 20 करोड रुपए की आय बांके बिहारी मंदिर को हुई थी। मंदिर को आयकर की धारा 12 ए के तहत छूट भी मिलती है। इसकी शर्त है कि पचासी फीसदी पैसा धर्माथ, सेवार्थ कामों में खर्च करना होता है। ट्रस्ट ने कम राशि खर्च की। जिसके कारण उसे आयकर देना पड़ा। उत्तर प्रदेश सरकार वृंदावन में बांके बिहारी धाम के नाम पर एक गलियारा बनाने की तैयारी कर रहा है। शासन की नजर कमेटी में जमा राशि पर है। सरकार चाहती है कि इसका उपयोग कर गलियारा बनाया जाए। वहीं मंदिर के सेवायत ट्रस्ट का कहना है कि जब सरकार बांके बिहारी मंदिर से टैक्स वसूलती है, तो गलियारा उसे अपने खर्चे से बनाना चाहिए। सरकार बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट में जमा रकम को लेने के लिए योजना बनाकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पहुंच गई है। जिसकी हिंदुओं में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है।

दिवाली पर घर लौट रहे उत्तर प्रदेश के 15 श्रमिकों की मौत

रीवा में बस खड़ी ट्राली में टकराने से हुआ हादसा

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा में सुहागी पहाड़ी के पास बीती रात बस आगे खड़ी ट्राली से टकरा गयी। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल बताये जा रहे हैं जिनमें से 19 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस हादसे में बस के केबिन में बैठे लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। रीवा डीएम मनोज पुष्प का कहना है कि हम मृतकों की शिनाख्त करने में लगे हुए हैं। बस में सवार सभी यात्री उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताये जा रहे हैं, जो दिवाली मनाने अपने घर जा रहे थे। रीवा के एसपी नवनीत भसीन से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में घायल हुए लोगों में से 20 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार हैदराबाद से गोरखपुर की ओर जा रही थी। घायलों को रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है और शव तेनथार सिविल अस्पताल में हैं। पुलिस नियंत्रण कक्ष ने हेल्पलाइन नंबर - 7049122399 और 8319706674 भी जारी किया है।

पीएम मोदी ने जताया दुख, सहायता राशि की घोषणा- एमपी के रीवा में हुए हादसे पर प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताते है, साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। वहीं घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

सीएम शिवराज ने जताया गहरा दुख- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा बस-ट्रॉली ट्रक की टक्कर को लेकर गहरा दुख जताया है। सीएम शिवराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और उन्हें घटना के बारे में बताया। मप्र सरकार मृतकों के पार्थिव शरीर को प्रयागराज भेजेगी।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने जताया दुख, मुआवजे का किया ऐलान- मध्य प्रदेश के रीवा में शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने गहरा दुख जताते हुए मृतकों के स्वजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही दुर्घटना में घायल हुए लोगों की समुचित उपचार कराये जाने का अनुरोध किया है। हादसे में मरने वाले लोगों के स्वजनों के लिए दो लाख व घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीर उत्तर प्रदेश पहुंचाने का अनुरोध किया है। रीवा कलेक्टर मनोज पुष्प ने बताया कि घटनास्थल पर ऐसा लग रहा है कि ट्रक से ट्रॉली ट्रक का एक्सीडेंट हो गया था और जब चालक ने ब्रेक लगायी तो पीछे से बस ने टक्कर मार दी।

चीन में सियासी उठापटकः पूर्व राष्ट्रपति 'हू जिंताओ' को पार्टी की बैठक से जबरन निकाला गया, पीएम भी किए गए बाहर

बीजिंग। पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के समापन समारोह से जबरन बाहर निकाल दिया गया है। वहां मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि 79

वर्षीय जिंताओं जो चीनी राष्ट्रपति के बाईं ओर बैठे थे और उन्हें बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ ही चीनी प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री ली केकिआंग और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के तीन अन्य सदस्यों को शनिवार को नवनिर्वाचित केंद्रीय समिति से बाहर कर दिया गया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सप्ताह भर चलने वाली बैठक शनिवार को समाप्त हो जाएगी। इस बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के कार्यकाल को बढ़ाए जाने को लेकर चर्चा हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि इस सम्मेलन के आखिरी दिन शी चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल के लिए प्रस्ताव पेश किया जाएगा। वहीं, इसके पहले इस बैठक में कम्यूनिस्ट पार्टी ने आने वाले पांच सालों के लिए देश का एजेंडा तय किया है। एक सप्ताह पहले उद्घाटन सत्र में शी चिनफिंग ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए मौजूदा रास्ते पर बने रहने का दृढ़ संकल्प दिखाया है। पार्टी के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों के 200 सदस्यीय निकाय, नवनिर्वाचित केंद्रीय समिति की पहली बैठक के तुरंत बाद रविवार को शी चिनफिंग के महासचिव के रूप में चुने जाने की उम्मीद है।

यह मार्च में सरकार के वार्षिक विधायी सत्र के दौरान चिनफिंग को चीन के राष्ट्रपति के रूप में तीसरे कार्यकाल की अनुमति देगा। शनिवार के समापन समारोह में प्रतिनिधि कांग्रेस रिपोर्ट और पार्टी संविधान संशोधन का समर्थन करने के लिए मतदान करेंगे। वे एक नई केंद्रीय समिति का भी चुनाव करेंगे। मतदान के अधिकार वाले लगभग 200 पूर्ण सदस्य और लगभग 170 वैकल्पिक लोगों के पास हैं।

गृहमंत्री अमित शाह, सीएम योगी समेत कई नेताओं ने देशवासियों को दी धनतेरस की बधाई

नई दिल्ली। आज धनतेरस का त्योहार है। देश में पूरे हर्षोल्लास के साथ धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ कुबेर और देवी धन्वंतरि की भी पूजा की जाती है। इसके अलावा आज के दिन नई चीजें जैसे सोना, चांदी और बर्तन खरीदना भी काफी शूभ माना जाता हैं। ये त्योहार कार्तिक के त्रयोदशी को मनाया जाता है।

नेताओं ने दी देशवासियों को बधाई- धनतेरस के शुभ अवसर पर आम लोग से लेकर राजनेता तक लोगों को बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने ट्विटर के जरिए जनता को धनतेरस की बधाई दी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी देशवासियों को धनतेरस की बधाई दी और लिखा, "भगवान श्री विष्णु के स्वरूप, आयुर्वेद के जनक, आरोग्य-देव, भगवान धन्वंतरि जी की पावन जयंती पर आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। भगवान धन्वंतरि जी से सभी के लिए आरोग्यता एवं आनंदमय जीवन की कामना है"।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दी बधाई- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए लिखा, "धनतेरस के पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह पर्व आपके एवं आपके पूरे परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये, यही ईश्वर से कामना है"। वहीं भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लिखा, "आप सभी को धन-धान्य, वैभव एवं खुशियों के पावन पर्व धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं"। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा, "आज धनतेरस पर्व से दीपावली की शुरूआत हो रही है, इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। सबका जीवन धन, समृद्धि और ऐश्वर्य से परिपूर्ण हो, ऐसी हम सब भगवान कुबेर एवं भगवान धन्वंतरि से प्रार्थना करते हैं। यह त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए"।

झारखंड के चाईबासा में साफ्टवेयर इंजी. आदिवासी युवती के साथ दस लोगों ने किया सामूहिक दुराचार

चाईबासा। मुफस्सिल थाना अंतर्गत पुराना चाईबासा स्थित हवाई अड्डा के पास एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और वर्क फ्रॉम होम है। युवती के बयान पर 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में बताया गया है कि पीड़िता अपने दोस्त के साथ स्कूटी से घूमने के लिए हवाई अड्डा गुरुवार की शाम लगभग 5.30 बजे गई थी। वहां स्कूटी खड़ी कर दोस्त से बात करने लगी। जब कुछ अंधेरा होने लगा तो वहां 10 युवक आए और उसके साथ मारपीट कर सुनसान जगह पर ले गए और दुष्कर्म किया। लगभग 45 मिनट बारी-बारी से लोगों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता और उसके दोस्त से युवकों ने मोबाइल और पांच हजार रुपए भी छीन लिये। पीड़िता की स्थिति गंभीर होने लगी तो सभी लड़के उसे वहां छोड़ कर भाग गए। पीड़िता किसी तरह से वहां से अपने घर आई और परिजनों को आपबीती सुनाई। उसी समय परिजनों ने

मुफस्सिल थाना जाकर घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचना मिलने के बाद युवती को रात में सदर अस्पताल लाया गया। वहां उसकी मेडिकल जांच कराई गई है। मुफस्सिल थाना प्रभारी पवन चन्द्र पाठक ने बताया कि उक्त मामले की छानबीन की जा रही है। 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही न्यायालय में 164 का बयान कलमबंद किया गया है। पीड़ित आदिवासी समाज की युवती है। पीड़ित युवती के पिता सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान है। पुराना चाईबासा स्थित हवाई अड्डा के पास साफ्टवेयर इंजीनियर युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने चाईबासा सदर डीएसपी दिलीप खलखो के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए अनुसंधान का आदेश दिया है। एसपी ने रात में स्वयं भी घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद पीड़ित से सदर अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली। डीएसपी दिलीप खलखो और मुफस्सिल थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक दल-बल के साथ आरोपित युवकों को पकड़ने के लिए छापामारी अभियान चला रहे हैं।

सत्याग्रह एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में नमाज पढ़ने के मामले की होगी जांच, वीडियो वायरल होने के बाद टीम गठित

कुशीनगर। सत्याग्रह एक्सप्रेस के स्लीपर कोच के गलियारे में नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद मामले में आरपीएफ कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक समर सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। उनके सहयोग में जीआरपी भी है। यह जानकारी जीआरपी पडरौना के एसआइ अवधेश तिवारी ने दी है। यात्रा के दौरान ट्रेन के स्लीपर कोच के गलियारे में नमाज पढ़ने का वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो खड्डा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को खड़ी सत्याग्रह एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 15273) का बताया जा रहा है। नमाज पढ़ने वाले लोग कौन और कहां के रहने वाले हैं, यह पता नहीं चल पाया है। रेलवे सुरक्षा बल वीडियो की जांच कराने की बात कह रहा है। एसपी रेलवे का कहना है कि यदि तहरीर मिली तो मुकदमा कराया जाएगा। इंटरनेट मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस पर तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। कई लोग इसे गलत बता रहे हैं तो कुछ लोगों को कहना है कि इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि ट्रेन के गलियारे में चादर बिछाकर कुछ लोग नमाज पढ़ रहे हैं। इस दौरान गलियारे से अन्य यात्रियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। नमाज पढ़ रहे लोगों के साथ का एक व्यक्ति, जो बर्थ पर बैठा हुआ है, आने-जाने वालों को हाथ से रुकने का इशारा कर रहा है। रास्ता अवरुद्ध होने से कुछ यात्री किनारे खड़े हैं। आने-जाने को लेकर वे परेशान दिख रहे हैं। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य और पूर्व विधायक दीपलाल भारती ने बताया कि वीडियो गुरुवार की दोपहर खड्डा रेलवे स्टेशन पर खड़ी सत्याग्रह एक्सप्रेस का है। इसे मैंने खुद बनाया और जीआरपी को भेजा। मैं इसी ट्रेन से खड्डा से कप्तानगंज जा रहा था। कोच में चढ़ा तो यह नजारा देखने को मिला। उतरकर दूसरे कोच में जाना पड़ा।

'पढ़ेंगे या यहीं मरेंगे', यूक्रेन में फंसे 1500 छात्रों का स्वदेश वापसी से इनकार, सलाह नामंजूर

नई दिल्ली। युद्धरत यूक्रेन में फंसे 1500 भारतीय छात्रों ने स्वदेश वापसी से इनकार कर दिया है। उन्होंने साफ कह दिया है कि वे यहीं पढ़ेंगे या मरेंगे। इस दौरान यदि मर गए और ताबूत में आना पड़ा, तो भी उन्हें मंजूर है। उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। पिछले करीब नौ माह से यूक्रेन व रूस के बीच जबर्दस्त जंग जारी है। जंग में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। सैकड़ों भारतीय छात्रों समेत लाखों लोग यूक्रेन छोड़कर जा चुके हैं, लेकिन अब भी वहां 1500 भारतीय छात्रों के फंसे होने की जानकारी मिली है। ये छात्र भारत सरकार के दिशा निर्देश नहीं मान रहे हैं और स्वदेश लौटने से इनकार कर रहे हैं।

केंद्र पर आरोप-कोई विकल्प नहीं छोड़ा- यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों का आरोप है कि भारत सरकार ने उनके समक्ष कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। इन छात्रों में से कुछ छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। यूक्रेन से लौटे विद्यार्थियों की भावी पढ़ाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। इस पर एक नवंबर को सुनवाई होगी। यूक्रेन में अटके छात्रों को भी इसका इंतजार है।

कुछ माह पहले यूक्रेन लौट गए थे-

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये छात्र भारत सरकार की सलाह मानने को तैयार नहीं हैं। सरकार ने इन छात्रों को तुरंत स्वदेश लौटने की सलाह दी है। इसके बाद भी 1,500 से अधिक भारतीय छात्र, जो वापस यूक्रेन चले गए थे, स्वदेश नहीं लौटना चाहते हैं। उनका कहना है कि वे यूक्रेन में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं। इस दौरान यदि मर गए तो ताबूत में लौटेंगे।

स्वदेश लौटे छात्रों का भविष्य अधर में- इन्हीं में से एक विद्यार्थी ने कहा कि हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हम पढ़ाई पूरी करने के बाद ही स्वदेश आएंगे। उनके पास यूक्रेन में ही रहने के अलावा कोई चारा नहीं है, क्योंकि भारत सरकार ने उन्हें भारतीय चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश देने से पहले ही हाथ खड़े कर दिए हैं। स्वदेश लौटे छात्रों का भविष्य अधर में है। चूंकि, भारत में मेडिकल शिक्षा की निगरानी करने वाले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का कहना है कि वह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से प्राप्त डिग्री को अनुमति नहीं देगा। इसलिए इन छात्रों का कहना है कि उनके सामने यूक्रेन में रहकर ही पढ़ाई करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

मनी लांड्रिंग मामले में अभिनेत्री जैकलीन को राहत, 10 नवंबर तक बढ़ी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट जैकलीन फर्नांडीज को राहत दे दी है। अदालत ने जैकलीन की अंतरिम सुरक्षा 10 नवंबर तक बढ़ा दी है। जैकलीन अपने वकीलों के साथ शनिवार दोपहर दो बजे कोर्ट पहुंची थीं। पिछली सुनवाई में भी कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। मामले में 10 नवंबर को नियमित जमानत और अन्य लंबित आवेदनों पर सुनवाई होनी है। इस दौरान कोर्ट ने ईडी को चार्जशीट और सभी पक्षों से अन्य प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज की नियमित जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज सुनवाई हुई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने 26 सितंबर को 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 50,000 रुपये के जमानत बांड पर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को अंतरिम जमानत दे दी थी। सुकेश ने जैकलीन को महंगी कार और महंगे गिफ्ट दिए थे। उसने अभिनेत्री के परिवार को भी कारें गिफ्ट की थीं। पिंकी ने जैकलीन की सुकेश जान

पहचान कराई थी। वह पूरी तरह दोनों के झांसे में आ गई थी और शादी करने का भी मन बना लिया था। मुंबई की रहने वाली पिंकी ईरानी को सुकेश ने अपना एजेंट बनाकर उसके जरिए मन माफिक माडलिंग करने वाली युवतियों को भी जेल में बुलाकर कमरे में मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उसने सभी को उन्हें महंगे गिफ्ट भी दिए।

संपादकीय

रोजगार का मोर्चा

इन युवाओं का अड़तीस सरकारी विभागों के विभिन्न पदों पर चयन किया गया है। इस पहल से सरकार पर बढ़ रहा रोजगार सृजन का दबाव कुछ कम होगा। हालांकि पिछले कुछ सालों में भी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया चलती रही, फिर भी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में कुल स्वीकृत पदों में से करीब तेईस फीसद पद खाली थे। नई भर्तियां शुरू होने से उन विभागों में काम का दबाव भी कुछ कम होगा। खाली पदों को भरने का आदेश जून में ही दे दिया गया था और सभी विभागों से कहा गया था कि वे मिशन के तौर पर खाली पदों को भरने का काम करें। अब अगले डेढ़ साल में रिक्त पदों को भरने का काम पूरा हो सकेगा। मगर इस बीच जो पद खाली होंगे, उन पर भर्तियों के लिए अलग से प्रक्रिया शुरू करनी होगी। उम्मीद की जाती है कि केंद्र सरकार की इस पहल से राज्य सरकारों को भी प्रेरणा मिलेगी और रोजगार के मोर्चे पर वे कुछ आगे बढ़ सकेंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद वह हर साल दो करोड़ नए रोजगार का सृजन करेगी, मगर इस मामले में वह नाकाम ही साबित हुई। लगातार युवाओं की मांग बनी हुई थी कि खाली पड़े सरकारी पदों पर भर्तियां शुरू की जाएं, मगर उसकी प्रक्रिया सुस्त पड़ी रही। यही वजह है कि लाखों सरकारी पद लंबे समय से रिक्त पड़े हुए हैं। उम्मीद तो यह की जाती है कि सरकारें काम के बढ़ते बोझ के मद्देनजर समय-समय पर पदों की संख्या में बढ़ोतरी करेंगी, मगर जब स्वीकृत पदों पर ही भर्तियां नहीं हो पा रहीं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन विभागों के कामकाज पर क्या असर पड़ता रहा होगा। तदर्थ सेवा के आधार पर कुछ नियुक्तियां करने का चलन भी इसी वजह से शुरू हुआ। मगर रोजगार में स्थायित्व न होने से लोगों की सामाजिक सुरक्षा बाधित होती है। इसलिए देर से ही सही, केंद्र सरकार ने खाली पड़े पदों में से दस लाख पर भर्तियों का सिलसिला शुरू किया है, तो युवाओं में रोजगार को लेकर कुछ आश्वस्ति पैदा हुई है। जून में जब दस लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई थी, तब विपक्ष ने कहना शुरू किया था कि सरकार को यह काम ऐन उसी वक्त पूरा करने की याद क्यों आई, जब अगले आम चुनाव की सरगर्मी तेज होगी। फिर यह भी कि कहां हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया गया था, अब दस सालों में केवल दस लाख नौकरियां देने की बात की जा रही हैं। हालांकि विपक्ष इस तर्क में यह भूल गया कि बीते सालों में भी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया चलती रही है। पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि देश में पढ़े-लिखे युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुपात में दस लाख नौकरियां कहां तक सामाजिक सुरक्षा का भाव पैदा कर पाएंगी। उसमें भी अग्निवीर जैसी योजना को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसलिए सरकार अगर दस लाख पदों को भरने की बात को उत्सव की तरह पेश कर रही है, तो उस पर विपक्ष की प्रतिक्रिया स्वाभाविक है।

तालमेल के बजाय

पंजाब में आम आदमी पार्टी को सत्ता में आए करीब सात महीने हो गए हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अभी तक सरकार अपने कामकाज की प्रक्रिया में संतुलन नहीं बिठा पाई है। खासतौर पर पिछले कुछ समय से राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच जैसी खींचतान की खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि सत्ता के अलग-अलग स्तंभों के बीच अभी सामंजस्य नहीं हो पाया है। मसलन, गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित पर राज्य सरकार के कामकाज में लगातार हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। यह तल्खी कार्यों में नाहक दखल से आगे इस ओर जाता दिख रहा है कि उन्होंने राज्यपाल के किसी अन्य केंद्र से संचालित होने के बारे में भी सवाल उठा दिया। गौरतलब है कि पहले राज्य विधानसभा का सत्र बुलाने को लेकर राज्यपाल पर अवरोध पैदा करने का आरोप लगा था। उसके बाद बाबा फरीद यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज और अब पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति निरस्त करने के आदेश को लेकर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के फैसले को कठघरे में खड़ा किया। सवाल यह है कि जिन कार्यों में राज्यपाल को दखल देने या किसी फैसलों को निरस्त की जरूरत पड़ी, क्या वे राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं? वहीं राज्यपाल के आदेश अगर कानूनसम्मत हैं तो राज्य सरकार को इससे क्यों आपत्ति हो रही है! साथ ही राज्य सरकार का कोई फैसले में दखल अगर तकनीकी तौर पर राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में है तो ऐसे निर्णय क्यों लिए जाते हैं जो निरस्त हो जा रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के मुताबिक, कुलपति की नियुक्ति में मुख्यमंत्री और राज्यपाल की कोई भूमिका नहीं होती। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग विश्वविद्यालयों में निर्धारित नियम-कायदों का हवाला दिया। अगर यह तथ्य तकनीकी व्यवस्था है तब निश्चित तौर पर राज्यपाल के आदेश को लेकर सवाल उठेंगे। लेकिन ऐसा लगता है कि कुछ विवाद नाहक ही तूल पकड़ लेते हैं, जबकि आपसी बातचीत के जरिए उन्हें सुलझाया जा सकता है। इस मसले पर भगवंत मान ने राज्यपाल के हस्तक्षेप को गलत और असंवैधानिक बताते हुए इसके पीछे किसी अन्य का हाथ होने की आशंका जताई। जाहिर है, राज्यपाल और सरकार के बीच खींचतान अब नए सिरों की ओर बढ़ने लगी है। यह छिपा नहीं है कि दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है, जहां राज्यपाल के साथ अनेक मुद्दों पर टकराव होते रहे हैं। अब पंजाब में भी सरकारी कामकाज में राज्यपाल के दखल को लेकर विवाद सामने आने लगे हैं। सवाल है कि सत्ता के ढांचे में होने के बावजूद दोनों पक्षों को क्या अपने कार्यक्षेत्र और सीमाओं के बारे में स्पष्टता नहीं है? एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्यपाल और मुख्यमंत्री या सरकार के बीच अधिकारों का बंटवारा किया गया है और उसी के मुताबिक दोनों को शासन में अपनी-अपनी भूमिकाएं निभानी होती हैं। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि अक्सर ऐसे हालात क्यों पैदा हो रहे हैं जब कोई राज्य सरकार यह आरोप लगाती है कि राज्यपाल शासन के कार्यों में नाहक ही दखल दे रहे हैं। फिर किसी राज्यपाल को सरकार के फैसलों पर सवाल उठाने या उन्हें बदलने का निर्देश देने की नौबत क्यों आती है? या फिर क्या दोनों पक्षों की ओर से ऐसा गैरजरूरी होने पर भी किया जाता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पंजाब में उभरते टकराव को खत्म कर राज्यपाल और सरकार के बीच बेहतर तालमेल कायम नहीं हुआ तो इसका असर जनकल्याण के कार्यों पर भी पड़ना शुरू हो सकता है।

बेरोजगारी की मार... कब आएगी बिहार में बहार

ऐसे कई सवाल हैं, जो आज तक अनसुलझे हैं और उन्हें सुलझाने के लिए जो आत्मबल चाहिए, वहां के राजनीतिज्ञों में उसकी घोर कमी है। ये अपनी कुर्सी पाने से पहले जनता को गफलत में रखते हैं और सत्तासीन हो जाने के बाद उनका दुख जानने, उनकी उम्मीदों को पूरा करने, अपने वादे पर अमल करने की बातें जानबूझकर भूल जाते रहे हैं। इसीलिए जब वहां के युवा बेरोजगारी से आजिज आकर बिहार से पलायन करते हैं और अन्य राज्यों, विशेषकर बड़े शहरों में जाते हैं, तो वही युवा बिहार की दुर्दशा के लिए विषवमन करते हैं। स्वाभाविक है, दूर तक गलत संदेश जाता है और बिहार की छवि खराब होती है। परिणाम यह होता है कि बाहर से आकर कोई उद्योगपति बिहार में उद्योग नहीं लगाता। सरकारी लापरवाही से स्थानीय सारे उद्योग-धंधे बंद हो गए और युवा दूसरे राज्यों में रोटी के चक्कर में अपमान का घूंट पीते रहे।

यह एक उदाहरण है कि 1945-1947 में बिहार में 33 बड़ी-बड़ी चीनी मिलें थीं, आज 10 मिलें हैं। यहां की जमीन गन्ने की फसल के लिए सबसे उपयुक्त है, लेकिन हम गन्ना नहीं उगा सकते, क्योंकि मिलें बंद हैं। रैयाम दरभंगा, लोहट मधुबनी, मोतीपुर मुजफ्फरपुर, गरौल वैशाली, बनमनखी पूर्णिया की पांच चीनी मिलें बंद है बनमनखी चीनी मिल की संपत्ति को कबाड़ में बेचा जा रहा है। 118 एकड़ में फैले इस चीनी मिल की दुर्दशा पर कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। सकरी तथा समस्तीपुर वाले मिल को सरकार ने बंद कर दूसरा उद्योग लगाने के लिए दे दिया है, लेकिन क्या वे उद्योग लगाए जा सकेंगे? लोहट मिल बंदी के खिलाफ पुर्जों को कबाड़ में बेचने के विरोध में मधुबनी जिलाधीश कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी है। यही हाल जूट मिलों का है। भारत में जूट का 40 प्रतिशत तक उत्पादन करने वाले बिहार के तीनों मिल बंदी के कगार पर हैं, क्योंकि जूट की खेती अब यहां के किसान नहीं करते हैं। रही बात कागज उद्योग की, तो सैकड़ों एकड़ जमीन में फैले अशोक पेपर मिल हायाघाट आज बंद है और विषैले सांपों का जंगल बन गया है।

बिहार के सहरसा-मधेपुरा हाईवे पर सहरसा से पांच किलामीटर पूरब बैजनाथपुर कागज मिल को पचास एकड़ में बनाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन बनने के बाद आज उसकी संपत्ति कौड़ियों के भाव बेची जा रही है। इस उद्योग के निर्माण का कार्य सत्तर के दशक में शुरू किया गया था, उसमें रोजगार की उम्मीद लगाए आज तक सिर पीटते जीवन गुजार रहे हैं। अभी पिछले दिनों जिलाधिकारी ने इसका दौरा किया और कहा है कि इस जमीन का उपयोग कृषि उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री बनाने के लिए किया जाएगा। 12 अक्टूबर को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक चुनावी रैली में कहा था, ह्यज्यादा बड़ा उद्योग वहां लगता है, जो समुद्र के किनारे के राज्य होते हैं। फिर भी हमने बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।ह्न मुख्यमंत्री की बातें पढ़े-लिखे युवाओं को हतोत्साहित ही कर रही हैं, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान वादा तो यही था कि यदि उनकी सरकार बनी तो लाखों लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार कृत संकल्पित होगी। लेकिन हां, यदि भाजपा के नजरिये से देखें तो यह चुनावी जुमला कहलाता है, लेकिन बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव युवा हैं। उनकी बातों पर तो विश्वास अभी तक युवाओं का है और उपमुख्यमंत्री के रूप में जिस आक्रामक तरीके से तेजस्वी यादव काम कर रहे हैं, उसका रिजल्ट देखने के लिए युवाओं को कुछ इंतजार करना ही होगा। सरकार अभी बनी है, इसलिए इस नई सरकार को कुछ समय देना पड़ेगा। सबसे बड़ा सवाल यह कि जिन मिलों से लाखों लोग अपने परिवार

की जीविका चला रहे थे, उनका क्या होगा जो अब बंद हो चुकी हैं। चीनी और कागज की जो मिलें बंद हो गई हैं, क्या उन्हें फिर से चालू करने का प्रयास वर्तमान सरकार करेगी? यदि उन्हें फिर से नियमित नहीं किया जाएगा तो फिर किस योजना के तहत बिहार की वर्तमान सरकार रोजगार मुहैया करा सकेगी? यदि सरकार की सोच सच में अपने राज्य के युवाओं को रोजगार देने की है तो सबसे पहले उसे उन सभी चीनी मिलों, कागज मिलों को चालू कराना होगा, क्योंकि जहां घर-घर में सभी बेरोजगार हो, वहां कोई किस प्रकार अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेगा।

बिहार में पंद्रह वर्ष लालू प्रसाद यादव ने यदि विकास पर अपना ध्यान केंद्रित किया होता और उसके बाद के पंद्रह वर्षों में वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास की ओर लगाया होता तो जो स्थिति आज वहां हो गई है, तो ऐसी स्थिति देखने को नहीं मिलती। वैसे, यह तो राजनीति में सत्ता पाने के लिए हर दल दूसरे दल को नीचा दिखाने का, भारत ही नहीं विश्व में प्रयास होता ही रहता है, लेकिन बिहार के राजनीतिज्ञ इस मामले में बिल्कुल अलग हैं। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि सरकार यदि विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हो जाएं तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि राष्ट्र अथवा राज्य का विकास न हो, लेकिन बिहार के राजनेता केवल अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए ही कुछ करते हैं और उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं होता। जनता से उनका लेना-देना केवल चुनाव के समय ही होता है, जब उनका स्वार्थ सिद्ध होना होता है। जो भी हो, बिहार में युवाओं को रोजगार मिले, वहां की सभी बंद मिलें फिर से शुरू हों,उसके हूटर बजे – इसके प्रयास होने चाहिए। ऐसा करने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा और उन्हें अपने राज्य से बाहर जाने और अपमान का घूंट पीने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी यह आरोप नहीं लगा सकते कि उन्हें राज्य और वहां के युवाओं का विकास करने से भाजपा टांग खींचती है। बिहार का विकास पिछले वर्षों में इसलिए भी अवरुद्ध हुआ, क्योंकि देश के किसी भी उद्योगपति ने वहां अपना उद्योग लगाने में रुचि नहीं दिखाई। इसके कई कारणों में एक कारण यह भी है कि उनके मन में यह भय है कि बिहार में उनकी और उनके उद्योग की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। विपक्षियों ने प्रचारित किया है कि बिहार में जंगल राज है, वहां कानून-व्यवस्था नामक कुछ भी नहीं है, बिहार को जमकर बदनाम किया है। वैसे, नीतीश सरकार ने पिछले कुछ सालों में आमलोगों की जिंदगी की जो मूलभूत जरूरतें होती हैं, उन्हें पूरा करने के प्रयास में सड़क और बिजली को ठीक कर दिया है, लेकिन बढ़ती बेरोजगारी ने सब पर पानी फेर दिया है। यहां तक कि आमलोगों का कहना है कि बाढ़ से लोगों को छुटकारा कब मिलेगा, मवेशियों के चारे का इंतजाम कैसे होगा। उनका कहना यह भी है कि बिजली और सड़क की सुविधा हो जाने से क्या उनका पेट भर जाएगा! उनके बच्चे भूखे पेट अब नहीं सोएंगे! इसका निदान तो हुआ नहीं, फिर कैसे मान लिया जाए कि विकास हुआ है, गुंडागर्दी काम हुई है, अब उद्योगपतियों से वसूली नहीं की जाएगी? महिलाएं बिहार की शराबबंदी से खुश हैं, लेकिन उद्योग लगाने जो आएंगे, वह भी क्या इसे आत्मसात करेंगे कि यहां शराब पीना अपराध है और ऐसा करने पर उन्हें जेल की सजा नहीं होगी? समस्याएं बहुत हैं, लेकिन उसका निदान भी राजनीतिज्ञों के हाथ में ही होता है। यदि राजनीति के अनुभवी नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव जैसे युवाओं का साथ मिल जाएं और जिस प्रतिबद्धता से अभी दोनों बिहार के विकास की योजना बना रहे हैं, यदि उसे धरातल पर उतार दिया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब बिहार भी देश के अन्य विकसित राज्यों की तरह आगे आ सकेगा। बिहार ही वह राज्य है जो बौद्धिक रूप से सक्षम है, जहां प्रचुर मात्रा में पानी है।

ब्रिटिश राजनीति के अंतर्द्वंद्व

पिछले कुछ वर्षों में ब्रिटिश राजनीति आप्रवासन और महंगाई जैसे मुद्दों पर अनिर्णय की स्थिति में रही है, जिसके चलते देश की अर्थव्यवस्था कमजोर और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री टेरीजा मे ने ब्रेक्जिट को लेकर यूरोपीय संघ के साथ समझौते को संसद से पास न करा पाने की वजह से इस्तीफा दिया था। फिर बोरिस जानसन प्रधानमंत्री बने थे।

उसके बाद कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजी समस्याओं का सामना ब्रिटेन की जनता को करना पड़ा। उनकी नीतियों को लेकर कंजर्वेटिव पार्टी में ही सवाल खड़े हुए और अंततः उन्हें इस वर्ष जुलाई में पद से हटना पड़ा। उनके बाद कंजर्वेटिव पार्टी ने लिज ट्रस को अपना नेता चुना, जिनकी प्राथमिकता राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, आप्रवासन और महंगाई को लेकर देश में बनी ऊहापोह की स्थिति को दूर करना था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत छियासठ लाख से ज्यादा लोग आते हैं, लेकिन उनका मुफ्त इलाज सुनिश्चित नहीं हो रहा है और इससे लोग नाराज हैं।

देश में सरकारी कर बढ़ाने की आशंकाओं के बाद सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का विरोध बढ़ा है। इसका एक प्रमुख कारण कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर आपसी विवाद भी रहे हैं, जो राजनीतिक अदूरदर्शिता के रूप में सामने आते हैं। यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद ब्रिटेन को अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक था कि वह भारत से अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करे। बोरिस जानसन ने भारत से व्यापारिक और सामरिक संबंध बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। उम्मीद थी कि लिज ट्रस भी भारत से होने वाले मुक्त बाजार समझौते को तुरंत हरी झंडी दे देंगी। मगर हुआ इसके विपरीत। भारत से संबंधों को लेकर कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर ही गहरे मतभेद सामने आ गए। लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहीं सुएला ब्रेवरमैन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर चिंता जाहिर कर ब्रिटेन में आने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ने की बात कह दी। यूरोप में व्यापार के लिए भारतीय ब्रिटेन को द्वार समझते हैं और इसी कारण अधिकांश भारतीय व्यापारियों ने ब्रिटेन को ठिकाना बनाया हुआ है। ब्रेक्जिट के पीछे ब्रिटेन के आम जन की मुक्त बाजार को लेकर बहुत महत्त्वाकांक्षाएं रही हैं और उसी नीति पर लिज ट्रस के आगे बढ़ने की उम्मीद थी। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण आयातक देश है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की अहम भूमिका है। उनसे लाखों रोजगार जुड़े हुए हैं। उच्च शिक्षा की दृष्टि से भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटेन पसंदीदा देश है। जाहिर है, लिज ट्रस इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं थीं, लेकिन उनकी गृहमंत्री की अदूरदर्शिता का परिणाम यह हुआ कि भारतीय समुदाय में कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति नाराजगी बढ़ी और इससे आने वाले आम चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की सत्ता में वापसी की उम्मीदों को झटका लगा सकता है। वास्तव में ब्रिटेन की राजनीतिक उथल-पुथल का प्रमुख कारण आप्रवासन से जुड़ी आशंकाएं हैं और उनका राजनीतिक समाधान करना आसान काम नहीं है। करीब पौने सात करोड़ आबादी वाले इस देश में प्रवासियों की संख्या अच्छी-खासी है। ब्रिटिश नागरिक बाहर से आए नागरिकों को लेकर आशंकित रहने लगे हैं। 2011 में ब्रिटेन में जनगणना के आंकड़े आए, तो उस पर भी यहां के परंपरावादी समाज में कड़ी प्रतिक्रिया देखी गई थी। इसके अनुसार ब्रिटेन की जनसंख्या को 6 करोड़ 32 लाख बताया गया था, जिसमें ब्रिटेन के स्थानीय निवासियों का अनुपात 2001 की जनगणना के सतासी फीसद के मुकाबले घट कर अस्सी फीसद बताया गया था। इन आंकड़ों के अनुसार ब्रिटेन के मुख्य प्रांतों इंग्लैंड और वेल्स में हर आठवां व्यक्ति विदेश में जन्मा है। ब्रिटेन के जनसंख्या अनुपात में पिछले दस सालों में आए बदलाव के लिए मुख्य कारण आप्रवासियों का ब्रिटेन आना बताया गया। दूसरे देशों से ब्रिटेन में आकर बसने वालों की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोग प्रसन्न नहीं हैं। ब्रिटिश समाज मुक्त व्यापार के फायदों और अपने देश की आर्थिक प्रगति से ज्यादा आप्रवासन की उन चुनौतियों आशंकित हो गया है, जो पूर्वी यूरोप और गृहयुद्ध से जूझ रहे अरब तथा अफ्रीकी देशों से आ रही हैं। यहां के निवासियों को लगता है कि यूरोपीय संघ में ज्यादा समय तक बने रहने से न केवल उनका सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य बदल जाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के सामने रोजगार और सुरक्षा का संकट भी गहरा सकता है। अब भारत को लेकर भी उनका यह व्यवहार सामने आ रहा है। ब्रिटेन के राजकीय अर्थशास्त्रियों ने ही उदारवादी राजनीतिक अर्थशास्त्र के सिद्धांत गढ़े थे। इनमें एडम स्मिथ, रिकार्डो तथा माल्थस उल्लेखनीय हैं। इन विद्वानों ने बाजारवादी अर्थव्यवस्था को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए कहा था कि बाजार में मांग और पूर्ति द्वारा एक स्वाभाविक सामंजस्य उत्पन्न हो जाता है तथा मुक्त व्यापार सभी के लिए लाभकारी है। इसके बाद यूरोपीय संघ की नींव राज्यों में आपसी व्यापार बढ़ाने के लिए रखी गई थी। मगर ब्रिटेन स्वयं उससे अलग हो गया। गौरतलब है कि ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर भी यूरोपीय संघ से अलग होने या न होने को लेकर गहरे मतभेद रहे। 2016 से ईयू से अलग होने का ब्रिटेन का आंतरिक राजनीतिक अंतर्द्वंद्व बढ़ता गया, इसके साथ ही देश में बहुमत ईयू से अलग होने की ओर बढ़ता गया। इसका प्रभाव जनता पर पड़ना स्वाभाविक था। यूरोपीय संघ में एकल बाजार सिद्धांत यानी किसी भी तरह का सामान और व्यक्ति बिना किसी कर या बिना किसी रुकावट के कहीं भी आ-जा सकने, बिना रोक-टोक के नौकरी, व्यवसाय तथा स्थायी तौर पर निवास कर सकने की आजादी के फायदे बहुत सारे थे। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अव्वल स्थान पर रहने वाले यूरोपीय संघ को ब्रिटिश अलगाव के बाद नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ईयू से अलग होने से ब्रिटेन को व्यापारिक रियायतें मिलने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

इसका असर ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के साथ राजनीतिक रूप से भी देखने को मिल रहा है। देश में रोजगार के अवसर सीमित होने के साथ महंगाई बढ़ गई है। सरकार को मांग और आपूर्ति में पैदा हुए असंतुलन को दूर कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें नियंत्रित करना है। कर वृद्धि को लेकर लोग कंजर्वेटिव पार्टी की नीतियों से नाराज हैं। बोरिस जानसन के इस्तीफे का एक प्रमुख कारण यह भी रहा है।

उम्मीदों के चक्रव्यूह में

पांच या दस पैसे दो, एक पर्ची उखाड़ लो। उसको खोलने पर अगर उसमें दर्ज नंबर लाटरी के पोस्टर पर छपे नंबरों से मेल खा जाता, तो उस नंबर के संग छपे नोट का इनाम निकल आता। वरना टांय-टांय फिस्स। पिछले दिनों केरल के एक व्यक्ति की पच्चीस करोड़ रुपए की लाटरी निकलने की खबर आई थी। उस व्यक्ति के बारे में बताया गया कि उसकी माली हालत इतनी खस्ता थी कि उसने अपने बेटे की गुल्लक से पचास रुपए निकाल कर टिकट खरीदने के लिए पांच सौ रुपए पूरे किए थे।

लाटरी से करोड़पति बनने वालों की तो इक्का-दुक्का खबरें ही आती हैं, लेकिन करोड़ों लोग हर रोज अपना मेहनत से कमाया रुपया-पैसा यों ही लुटा बैठते हैं। उनके टूटे अरमानों का क्या? जबकि इस मामले में साढ़े छियासठ लाख टिकटें बेच कर करोड़ों रुपए के मुनाफे के साथ असली और ज्यादा फायदा तो लाटरी विक्रेता का रहा। दरअसल, लाटरी की एक टिकट खरीदते ही हसीन सपनों का कारवां आंखों के सामने तैरने लगता है। यह बेशक सपनों का टिकट होता है। हरेक टिकट के खरीदार का सपना होता है, उम्मीद भी और विश्वास भी कि पहला इनाम उसी के नाम होगा। यही सोच उसे टिकट खरीदने के लिए हतोत्साहित नहीं करती। जहिर है कि लाटरी फटाफट खजाने के ऐसे द्वार खोलती है, जो महज किस्मत पर निर्भर करता है। आज पंजाब, केरल, गोवा, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र वगैरह देश के कुल तेरह राज्यों में करोड़ों रुपए इनाम की लाटरियां प्रलोभन और प्रचार का ऐसा जाल बुना जाता है कि कई बार आम आदमी सम्मोहित होने से बच नहीं पाता। देश में लाटरी बेचने का खयाल पहले पहल केरल सरकार को 1966 में आया और अगले साल 1967 में वहां लाटरी शुरू हो गई। शुरू करने के पीछे दलील थी कि लाटरी की टिकट बेचना जनता पर कर का भार डाले और वसूले बगैर राज्य की आय बढ़ाने का बेहतरीन जरिया है।

साथ ही, इससे गरीबों को अमीर बनने का सुनहरा मौका तो मिलता ही है। देखा-देखी तब केरल के पीछे-पीछे जम्मू और कश्मीर को छोड़ कर देश के सभी राज्य अपनी-अपनी लाटरी निकालने लगे। शुरूआती दौर में लाटरी के टिकट के खरीदार का नाम और पता दर्ज करने का कायदा था।परिणाम निकलने पर लाटरी के खरीदार को लाटरी विक्रेता या एजेंट सूचित कर देते थे। मगर अब जीतने वाले लाटरी धारक को खुद अखबार में अपना नंबर देखना पड़ता है। आमतौर पर तीस दिन के भीतर इनाम न लेने पर राज्य सरकार इनाम राशि रख लेती है। विभिन्न राज्य सरकार अब तक करोड़ों रुपए ऐसे ही हजम कर चुकी हैं, क्योंकि टिकट गुम होने या परिणाम न देखने की भूल की सूरत में रकम का कोई दावेदार नहीं होता। कुछ साल पहले एक सर्वे से यह सामने आया कि लाटरी की टिकटों की बिक्री की कुल आमदनी की अस्सी से पचासी फीसद रकम आम जनता में ही बंटती है। सबसे ज्यादा चालीस से पैंतालीस फीसद रुपए विजेताओं को बतौर इनाम, करीब दस फीसद प्रचार-प्रसार और पांच फीसद टिकटों की छपाई और एजेंट के हिस्से में बीस फीसद आता है। शेष पंद्रह से बीस फीसद मुनाफा राज्य सरकारों द्वारा जन-कल्याण योजनाओं में लगाया जाता है। देश में लाटरी का सालाना कारोबार पचास हजार करोड़ रुपए का है। नए लोगों को और फंसाने के लिए राज्य हर साल नव वर्ष, होली, पूजा, दिवाली जैसे त्योहारों से जुड़े कई बंपर ड्रा आयोजित करते हैं। लेकिन राज्यों को साल में ज्यादा से ज्यादा छह बंपर ही निकालने की इजाजत है। हालांकि देश की राज्य सरकारें ही लाटरियों का संचालन करती हैं। कोई उद्यमी या कारोबारी कानूनन लाटरी का धंधा नहीं कर सकता। लाटरी को चक्रव्यूह ही समझा जा सकता है। हारने वाला हार की भरपाई करने के लिए जीत की उम्मीद में खेलता जाता है, तो जीतने वाला और जीतने के लिए। जुआ रोकने के लिए सरकारें कानून बनाती हैं, जुआरियों-सट्टेबाजों को धर-पकड़ करती हैं। जबकि लाटरी की टिकटों के जरिए सरकार खुद करोड़ों मासूमों को कथित ह्यसरकारी जुआह्न खेलने का न्योता देती है। लाटरी की बिक्री से एकत्रित धन से जन कल्याण सुविधाएं मुहैया करने के उद्देश्यों को सामने रख कर जनता को खुलेआम ह्यसरकारी जुआह्न खेलने में लगा कर लूटना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। गौरतलब है कि 1990 के दशक में लंबी लड़ाई लड़ कर दिल्ली समेत कई राज्यों से लाटरी का सफाया कर दिया गया था।

मेकअप टिप्स

पार्टी टाइम नो टेंशन...!!

फ्रैंड की बर्थडे पार्टी में जाना हो और बिजी शैड्यूल के कारण पार्लर में जाने का टाइम न हो तो आप परेशान न हों, बल्कि आप घर बैठे खुद को अपने हिसाब से मिनटों में बेहतर लुक दे कर अपने फ्रैंड्स के बीच सेंटर आफ अट्रैक्शन बन सकती हैं। बस थोड़े से टिप्स को ध्यान में रखना होगा।

मेकअप से पहले क्या करें?

फेस पर इंस्टैंट ग्लो के लिए मेकअप करने से 10 मिनट पहले आप अपने चेहरे पर दही अप्लाई करें। आप को बता दें कि दही ब्लीच का काम करता है। इससे स्किन ग्लोइंग दिखने के साथ मेकअप भी काफी अच्छा रिजल्ट देता है।

❑ आप ग्लोइंग स्किन के लिए हफ्ते में 3 दिन दही में नीबू मिला कर या फिर दही में टमाटर मिला कर भी लगा सकती हैं। इस के बाद आप को मौइश्चराइजर लगाने की भी जरूरत महसूस नहीं होगी। यह प्राइमर का काम करता है।

घर पर रखें कास्मेटिक प्रोडक्ट्स

कभी भी घर में पार्टी फंक्शन हो सकता है और ऐसे में हर बार पार्लर से तैयार होना संभव नहीं होता। इसलिए आप घर पर मेकअप किट जिस में क्रीम, कंसीलर, फाउंडेशन, ब्रश,कौम्पैक्ट, आईशैडो, काजल, लाइनर, ब्लशर, लिपस्टिक, लिप पैंसिल, हेयर ऐक्सैसरीज बिंदी, नेल पौलिश वगैरा ला कर रखें ताकि आप के लिए मिनटों में मेकअप करना आसान हो सके।

कैसे करें मेकअप..?

अगर स्किन ज्यादा ड्राइ दिखेगी तो मेकअप इतना इफैक्टिड नहीं लगेगा इसलिए सब से पहले स्किन की ड्राईनैस को दूर करने के लिए चेहरे पर कोल्ड क्रीम अप्लाई करें। इससे स्किन की ड्राईनैस दूर होती है। फिर आंखों के नीचे कंसीलर अप्लाई करें। यह डार्क सर्किल्स को छुपाने का काम करता है। इस के बाद चेहरे पर अच्छे से फाउंडेशन लगाएं। गर्दन पर भी फाउंडेशन लगाना न भूलें। इससे नैचुरल स्किन टोन के साथ स्किन क्लीयर नजर आने लगती हैं। बेस तैयार हो जाए तो उस के बाद ब्रश की मदद से कौंपैक्ट लगाएं। यह आप को परफैक्ट लुक देने का काम करेगा।

इसके बाद आईशैडो ले कर आई मेकअप करें। आजकल स्मोकी आइज का काफी क्रेज है तो आप डार्क कलर से स्मोकी आईज के साथ आईब्रो को भी उसी से डिफाइन कर के उस पर थोड़ा गिलटर लगाएं। इसके बाद आंखों के ऊपर अपनी पसंद के अनुसार पतला या मोटा लाइनर अप्लाई करें। इससे आप की आंखें और

खूबसूरत दिखेंगी।

इस के बाद ब्लशर को नोज के पास से आईब्रो तक लगाएं और इसे अंगुलियों से अच्छे से मिलाएं। फिर ब्लशर के बाद हाईलाइटर लगाएं। इस से मेकअप थोड़ी देर बाद ग्लो करने लगता है। आखिर में बालों को अपनी पसंद के हिसाब से लुक दें।

न्यू ट्रेंड इन मेन्स

यूथ हुए फैशनेबल

टीनएज के बाद की लाइफ में आना एक नया एक्सपीरियंस होता है। हम टीनएज से उम्र के नए पड़ाव में आते हैं। स्टाइल की बात करें तो उम्र का यह दौर स्टाइल के मामले में भी हमारे पुराने ढर्रे को पूरी तरह से बदल देता है। कुछ नया एक्सपेरिमेंट करने को हर युवा बेचैन हो जाता है।

स्कूल से कॉलेज और कॉलेज से फिर जॉब ये पूरा दौर बदलाव का होता है। ये सारे पड़ाव हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। इस दौर के हर मुकाम पर हम अपनी एक स्टाइल बनाते हैं। लेकिन इस दौर में स्टाइलिंग को लेकर भी कई जरूरी बातें हैं, जो जानना जरूरी हैं।

1- फैशन नहीं स्टाइल को दें तवज्जो

फैशन भले ही बदले लेकिन स्टाइल हमेशा बना रहता है। इसलिए फैशन पर ध्यान न देकर अगर हम एवरग्रीन स्टाइल पर फोकस करें तो बेहतर होगा। फैशन में चल रहे ट्रेंड की बात करें तो इसके साथ दिक्कत ये होती है कि ये हमेशा बदलता रहता है। आज इस तरह के कपड़ों का फैशन है तो कल कोई और। सबसे बड़ी दिक्कत तब आती है जब फैशन आउट हो जाता है। फैशन आउट होने पर यही कपड़े चीप लगने लगते हैं और बेकार हो जाते हैं। जबकि अगर क्लासिक स्टाइल पर फोकस किया जाए तो ये स्टाइल टाइमलेस होते हैं। मान लीजिए अगर आपने क्लासिक सूट लिया है, तो ये जान लें कि इसका स्टाइल कभी पुराना नहीं होता, साथ ही सभी ओकेजन्स के लिए ये परफेक्ट लुक भी देता है।

2- स्किन पर ध्यान देना शुरू कीजिए

कपड़ों के अलावा भी कई चीजें हैं, जिसको लेकर हमें इस दौर में सीरियसली सोचना पड़ेगा। उसमें से एक है स्किन केयर, क्योंकि हमारी स्किन में भी कई चेंजेस आते जाते हैं। इस वक्त हमें स्किन रिलेटेड कई परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ता है। ये वो दौर है जब हमारे लिए स्किन की देखभाल जरूरी हो जाती है। चूंकि इस वक्त कई हार्मोनल चेंज भी होते रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन में ऑयली और पिंपल्स जैसी प्रॉब्लम होने लगती है। इसके लिए ऑयल कंट्रोल हमारी पहली प्रायरिटी होना चाहिए। स्किन की हेल्थ के लिए डाइट पर भी ध्यान देना पड़ेगा।

3- बालों पर ध्यान दें और उनका ख्याल रखें

स्किन की तरह बालों पर भी अभी से ध्यान दिया जाए तो आगे के लिए अच्छा होगा। बालों का वेल ग्रूम्ड होना हमारी पर्सनैलिटी को निखारता है। वैसे तो सबके बालों की ग्रोथ अलग-अलग होती है, लेकिन हर दो हफ्ते में सैलून जाना अपने रूटीन में शामिल कर लीजिए। इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि लड़कों के बेहतर तरीके से कटे और सेट बाल उनका फर्स्ट इंप्रेशन बनाते हैं। वैसे तो कई तरह के हेयर स्टाइल इन दिनों फैशन में हैं, लेकिन बज कट,

स्लिक बैक और साइड पार्ट हमेशा अच्छे लगते हैं।

4- फेशियल हेयर को रखें वेल मेंटेन

इस उम्र चेहरे के बाल यानी दाढ़ी की ग्रोथ बढ़ती है। फेशियल हेयर केयर भी उतना जरूरी है जितना बालों की। क्लीन शेव्ड लड़के वैसे भी हमेशा से जेंटलमैन कैटेगरी में आते हैं। अगर आप क्लीन शेव्ड लुक पसंद करते हैं तो इस बात का ध्यान रहे कि रोज या फिर एक दिन की आड़ में शेव करते रहें, वैसे आजकल दाढ़ी का फैशन है लेकिन इस बात का ख्याल रखना जरूरी है दाढ़ी सही तरीके से ट्रिम हो।

5- बनाइए अपना स्टाइल आइकॉन

यह दौर ऐसा होता जब हम अपने लुक्स और स्टाइल को लेकर काफी कॉन्शियस होते हैं। कई बार कुछ कन्फ्यूजन भी होता है कि हम आखिर किसे फॉलो करें। ऐसे में अपना एक स्टाइल बनाना सबसे बढ़िया तरीका है। अपने स्टाइल आइकॉन को सामने रखकर उसे फॉलो करना उसके जैसा स्टाइल रखने की कोशिश करना अपना खुद का स्टाइल डेवलप करने में बहुत काम आता है।

सूट-पैंट और ब्लेजर भी हुए स्टाइलिश

सूट-बूट पहनना कौन नहीं चाहता है। इसको हर बॉडी टाइप वाले पुरुष पहन सकते हैं। यकीनन किसी भी खुशी के मौके पर जलवा बिखेरने के लिए ये काफी होता है। सूट-पैंट, शर्ट, कोट और ब्लेजर पहनने वालों को देखने के बाद हर दिल यही कहता है। इसलिए तो हर लड़के को अपने वार्डरोब में एक- दो जोड़ी ऐसी ड्रेस रखनी चाहिए।

आप इस तरह के सूट-बूट को अपने ऑफिस मीटिंग, शादी कार्यक्रम या ऑफिस पार्टी पर पहनकर जा सकते हैं। अगर आप भी खुद को ऐसे मौकों के लिए तैयार करना चाहते हैं तो इन 5 तरीकों से सूट-पैंट- शर्ट, कोट / ब्लेजर पहन सकते हैं।

1. वेलवेट ब्लेजर

वेलवेट ब्लेजर पहनने में जितना मखमली लगता है उतना ही वह देखने में भी आकर्षक होता है। इसलिए वेलवेट ब्लेजर को पहनना सही विकल्प हो सकता है। इसको आप खासकर सर्दी के मौसम में किसी कार्यक्रम पर पहनकर जाएं।

रॉयल ब्लू, मरून कलर के ब्लेजर के साथ सफेद रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहनें। इसके साथ मॉन्क स्टाइल शूज पहनें। इस तरह की मैचिंग से चार चांद लग सकते हैं। लेकिन इसके साथ टाई बांधने की गलती न करें। क्योंकि यह आपके लुक को बिगाड़ने का काम कर सकता है।

2. सूट बूट

टेक्सचर स्टाइल के कोट, स्काय ब्लू कलर की शर्ट और ब्लैक कलर की पैंट को अपनी वार्डरोब में जरूर रखें। इसके साथ आप कलरफुल टाई को पहनें। यह आपके लुक में जान डालने का काम करेगा। अगर आप कोई फॉर्मल टाई पहनते हैं तो इससे लुक फीका पड़ सकता है।

3- ब्लैक सूट

काले रंग का सूट पहनने वालों की बात ही निराली होती है। इस तरह के सूट में आप

फैशन आज का

एकदम किलर लगते हैं। ऐसे सूट को आप नाइट पार्टी के लिए पहनें। क्योंकि रात में ऐसे कपड़ों का अलग ही रंग चढ़ता है। जो कि आपको निखारने का काम करता है।

4- एंब्रॉयडरी सूट

अगर आपके पास कोट या ब्लेजर है तो उसके साथ एंब्रॉयडरी शर्ट पहनें। जिस शर्ट की कॉलर या कफ पर कढ़ाई की गई हो उसको पहनें। इस तरह का लुक आपके कैजुअल पार्टी के लिए सही रहेगा। अगर आप खुद ही देखेंगे तो ये एंब्रॉयडरी आपको प्यारी लगेगी।

5. ऑफ व्हाइट कोट / ब्लेजर

अगर आप कुछ नया लुक चाहते हैं तो ऑफ व्हाइट कोट / ब्लेजर के साथ कुछ इस तरह का एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। इस तरह के ब्लेजर के साथ कभी भी राउंड नेक टी-शर्ट ही पहनें। इस तरह का कैजुअल लुक काफी आकर्षक होता है। शॉर्ट हाइट मैन के लिए भी ये सही है। ऐसे ही कैजुअल ब्लेजर आप अपने पास रखें।

लाइफस्टाइल

50 के बाद कैसी हो लाइफस्टाइल

स्वस्थ रहने के लिए उम्र के साथ-साथ खान-पान की आदतों में बदलाव करना बहुत जरूरी होता है, खासतौर पर 50 साल की उम्र के बाद।

इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि उम्र बढ़ने के साथ उसके लक्षण नजर आने ही लगते हैं, चाहे आप अपना कितना भी ख़्याल क्यों न रखते हों, लेकिन हां, आप अपने खान-पान का ख़्याल रखकर सेहत से जुड़ी चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकते हैं और बीमारियों को काफी हद तक टाल सकते हैं। 50 के बाद खान-पान और जीवनशैली में बदलाव लाना चाहिए?

पौष्टिक खाएं

50 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरुषों को पौष्टिक खाना खाना चाहिए. इससे बढ़ती उम्र में होनेवाली बीमारियों, जैसे-हार्ट डिजीज, डायबिटीज, मोटापा और कुछ विशेष प्रकार के कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। खाने में फल, हरी सब्जियां, साबूत अनाज, फैट-फ्री या लो फैट डेयरी प्रोडक्ट्स शामिल करें। प्रोटीन के लिए मछली, अंडे, लीन मीट्स, बीन्स व नट्स का सेवन करें। मोटापे और दिल की बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि खाने में सैचुरेटेड फैट, ट्रांसफैट, कोलेस्ट्रॉल, नमक और शक्कर का सेवन कम से कम किया जाए।

शारीरिक रूप से एक्टिव रहें

50 की आयु लांघने के बाद फिट रहने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है। फिजिकली एक्टिव रहने से मांसपेशियों को मजबूत बनाने, दिल को स्वस्थ रखने, शरीर का लचीलापन बरकरार रखने व बैलेंस को बनाए रखने में मदद मिलती है। शारीरिक रूप से एक्टिव रहने से डिमेंशिया जैसी बीमारी होने का खतरा कम होता है। इसके लिए हफ़्ते में कम से कम चार दिन आधे घंटे एक्सरसाइज करें। आप चाहें तो वॉकिंग, साइक्लिंग या स्वीमिंग कर सकते हैं। मसल्स को मजबूत बनाने के लिए वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करें, लेकिन इसके लिए किसी ट्रेनर की मदद लें।

खाने में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा सीमित कर दें

प्रतिदिन 300 एमजी से अधिक कोलेस्ट्रॉल का सेवन न करें। अगर आपको हार्ट डिजीज है तो 200 एमजी कोलेस्ट्रॉल ही लें। अधिक कोलेस्ट्रॉल युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे-अंडे की जर्दी,

मलाईदार दूध इत्यादि का सेवन न करें। खाना बनाने के लिए कैनोल, ऑलिव या पीनट ऑयल का इस्तेमाल करें।

नाइटलाइफ कल्चर के साथ बदलता फैशन

नाइटलाइफ फैशन

दिल्ली में भी नाइटलाइफ का कल्चर बढ़ रहा है। यही वजह है कि फैशन की दुनिया भी इसमें अहम भूमिका निभा रही है। युवाओं को नाइटलाइफ इतनी भा रही है कि फैशन डिजाइनर भी इसे अपनी थीम में शामिल करने पर मजबूर हो गए हैं।

आज के युवाओं के लिए दिन से ज्यादा रात अपनी होती है। दिन में तो वह दफ्तर में होते हैं, लेकिन रात का समय उनका अपना होता है, जिसमें वह खूब मौज-मस्ती करना चाहते हैं। इसी तर्ज पर मस्ती के मूड को ध्यान में रखते हुए खास फीमेल कलेक्शन निकाले गए हैं।

इस समय माइक्रो मिनी को छोड़ नी-लेंथ स्कर्ट पर ज्यादा फोकस किया ताकि पहनते वक्त ज्यादा सोचना न पड़े। रंगों में गाढ़ा नीला, भूरा, हरा और सुर्ख लाल का इस्तेमाल खूब किया है। काले रंग का प्रयोग भी उनकी कलेक्शन में बेहतरीन लगा जिसमें हाथ से की गई हल्की एंब्रोएडरी आकर्षक है।

कफतान थीम में जहाँ गाढ़े रंगों का प्रयोग था जैसे महरून, गाढ़ा नीला और नारंगी आदि। वहीं सूती में इन्होंने सभी हल्के रंगों का इस्तेमाल किया, जैसे हलका गुलाबी, नीला, सफेद।

आमतौर पर इनके कलेक्शन में सफेद रंग को बेस बनाया गया। एक कफतान जो कि दक्षिण अरेबिया के फैब्रिक से अधिक प्रभावित थी। इसमें सिल्क और नेट का प्रयोग अधिक दिखा। दूसरा कलेक्शन मेन और वुमेन दोनों के लिए निकाला गया है, जिसमें लड़कियों के लिए मिनी स्कर्ट, केप्री, प्रिंटेड टॉप शामिल थे। वहीं लड़कों के लिए चेक शर्ट, ट्राउजर्स आदि को शामिल किया। यह पूरा फैब्रिक सिल्क में था।

आज के कलेक्शन में भारतीय और पश्चिमी दोनों ही पोशाकों का मेल दिख रहा है। साड़ियों की एक

से एक बेहतरीन कलेक्शन मौजूद है। इस समय कंट्रास्ट कलर्स ज्यादा पसंद किया जा रहा है, जैसे साड़ी का रंग यदि गुलाबी है तो ब्लाउज का रंग क्रीम है। इसी तरह पल्लू का रंग यदि हरा है तो चोली महरून रंग की। चोलियाँ सभी पश्चिमी टच लिए हुई थीं। कहीं हॉल्टर नेक था तो किसी नेट की साड़ी पर बनारसी बॉर्डर। वहीं नेट पर गोटा पत्ती वर्क का भी बेहतरीन मेल था। नेट के साथ जॉर्जट का मेल अनोखा था। वेस्टर्न आउटफिट में शॉर्ट स्कर्ट, नी लेंथ स्कर्ट और उस पर कलियों वाला कोट खूब जँचेगा।

न्यू ट्रेंड इन ज्वैलरी

स्टाइलिश गहने बने पहली पसंद....

बदलती जीवनशैली के साथ, आभूषणों के प्रति भी महिलाओं के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। आज की महिलाएं स्टायलिस्ट गहने ज्यादा पसंद करती हैं जो फोटो-शूट के लिए फिट हों।

आज की महिलाएं स्टायलिस्ट गहने ज्यादा पसंद करती हैं जो फोटो-शूट के लिए फिट हों। लिहाजा ज्वेलर्स भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए स्टाइलिश गहनों की नई रेंज लॉन्च की है। बदलती जीवनशैली और मानसिकता के साथ, आभूषणों के प्रति भी महिलाओं के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। अधिकांश महिलाएं हॉलीवुड और बॉलीवुड फैशन, किम कर्दाशियां और प्रमुख डिजाइनरों जैसी हस्तियों से प्रेरित हैं। आज की युवा पीढ़ी को पता है कि अब सोने के आभूषणों को पश्चिमी शैली के परिधानों के साथ मैच किया जा सकता है और वे इस तरह का प्रयोग करने लगी हैं।

स्टाइल के साथ शुद्धता भी जरूरी

सोने की खरीद पर आपको डिस्काउंट देता कोई न कोई जरूर मिल जाएगा। ऐसे में जब बाजार में हर तरफ सोने-चांदी की दुकान सजी हो तो ग्राहक के लिए यह तय कर पाना मुश्किल हो जाता है कि सोना कहां से खरीदा जाए। इसके लिए शुद्धता पर जरूर ध्यान दें।

पटाखे जलाते वक्त आंखों की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

दिवाली का त्योहार रोशनी का प्रतीक माना जाता है। परंपरा के अनुसार हम सभी लोग घर के हर कोने में दीपक और मोमबत्तियां जलाते हैं। देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। रंगोली बनाते हैं और सभी दोस्तों और रिश्तेदारों को शुभकामनाएं देते हैं। मिठाइयां बांटते हैं और पटाखे जलाते हैं। पटाखे जलाते समय हमें अपनी और अपनों की सुरक्षा का ध्यान भी रखना चाहिए, क्योंकि जरा सी लापरवाही न सिर्फ आंखों में चोट का कारण बन सकती है, साथ ही पटाखों से निकलने वाले प्रदूषण के कारण भी आंखों को दीर्घकालिक क्षति का खतरा रहता है। विशेषकर बच्चों में इस तरह के जोखिम अधिक देखे जाते रहे हैं।

यद्यपि पटाखों को जलाना निषिद्ध है और विशेषज्ञों की दृष्टि से उचित नहीं है। पटाखे न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है बल्कि ध्वनि प्रदूषण का कारण बनता है और हाथ और आंखों की चोटों के लिए जिम्मेदार है। अगर आप पटाखों या दीयों का उपयोग कर रहे हैं तो हाथ और आंखों की चोटों को रोकने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें।

खुले स्थानों पर ही जलाएं पटाखें : कोशिश करें कि पटाखों को दूर और खुले स्थानों पर ही जलाएं। पटाखों के एकदम नजदीक जाने से बचें। पटाखों को अपने चेहरे को तो बहुत ही दूर रखें। अगर कोई पटाखा न फूटे तो उसके पास जाकर उसे हाथ से न छूएं और न ही हाथ से उठाएं। हो सकता है कि वो पटाखा आप के हाथ में ही फट जाए। बच्चों को अकेले पटाखे जलाने के लिए ना भेजें।

आंखों को पहुंच सकता है नुकसान : आंखों में कट, सुपरफिशियल एब्रेशन, ग्लोब इंज्योरी, केमिकल एण्ड थर्मल बर्न हो सकता है। अगर आप को आंखों में दर्द, लाल होना, सूजन, जलन, आंख खोलने और बंद करने में परेशानी या फिर दिखाई न देना जैसी समस्याएं हो रही है तो तुरंत नेत्र चिकित्सक के पास जाना चाहिए।

पटाखों को कभी ना जलाएं टिन या शीशे की बोतल में : अतिशबाजी से सबसे ज्यादा क्षति तब होती है जब इन पटाखों को टिन या शीशे की बोतल में रखकर जलाया जाता है ताकि ज्यादा शोर हो, लेकिन कभी भी आसपास खड़े लोगों को नुकसान पहुंच सकता है इसलिए न ऐसा करे और न ही किसी को ऐसा करने दें। पटाखों के अंदर से निकला हुआ कार्बन और अन्य विषाक्त पदार्थ आंखों के उतकों, नसों और अन्य मुलायम लिगामेंट्स को क्षति पहुचा सकते हैं। बोतल में जलाए जाने वाले राकेट लोगों के चेहरों पर उड़कर लग जाते हैं जिसके कारण आंखों में चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। पटाखों के नजदीक से फटने से आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

कान्टैक्ट लेंस पहनने वाले रखें ध्यान : कान्टैक्ट लेंस पहनते वाले लोगों को दिवाली में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। पटाखों को जलाने से पहले कान्टैक्ट लेंस निकाल लेना चाहिए। कान्टैक्ट लेंस की जगह चश्मा पहनकर रखें, नहीं तो पटाखों और दीया की गर्मी के कारण कान्टैक्ट लेंस आंखों में जलन पैदा कर सकते हैं।

आपात स्थिति में क्या करें : आपात स्थिति में अपने आप कोई उपचार ना करें। चोटिल भाग को न छेड़ें और न ही आंखों को मलें। अगर ये सुपरफिशियल इंज्युरी है तो आंखों को साफ पानी से धो लें। अगर आंखों से खून निकल रहा हो, दर्द हो या फिर साफ दिखाई न दे तो आंखों को ढंक लें और तुरंत किसी नेत्र विशेषज्ञ के पास ले जाएं। किसी भी आंख की चोट को मामूली न समझें क्योंकि छोटी सी चोट भी आंखों की दृष्टि छीन सकती है।

क्या करें

- पटाखों से कम से कम पांच मीटर की दूरी बनाए रखे और दूर से ही पटाखे जलाएं या फोड़ें।
- आतिशबाजी करते समय सेफ्टी आई गागल्स का इस्तेमाल करें
- पटाखों को सुरक्षित फेंकने के लिए हमेशा एक बाल्टी पानी रखें और उसी में फेंके
- दीया और मोमबत्तियां या पटाखे जलाते समय क्लोज-फिटिंग सूती कपड़े पहनें और काटन फेस मास्क का उपयोग करें। पटाखे जलाते समय दुपट्टे और साड़ियों को चेक करते रहें।
- घर के बड़ो को दीया, मोमबत्तियां या पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी करनी चाहिए।
- अगर आपकी आंख में चोट लग जाए तो अपनी आंखों को रगड़ें नहीं। इसे साफ, ठंडे पानी से धो लें और तत्काल उपलब्ध नजदीकी नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास पहुंचें।
- चिकित्सक से परामर्श किए बिना आई ड्राप के उपयोग से बचें।

क्या न करें

- ब्लास्टिंग (फटने वाले) पटाखों पर या राकेट पर पत्थर, बोतल के टिन का प्रयोग न करें। वे फट भी सकते हैं।
- हाथों में पटाखे पकड़कर न फोड़े
- गंदे हाथों से आंख को न छुएं।
- घर के अंदर पटाखे न जलाएं। उन्हें बाहर खुले क्षेत्र में जलाना चाहिए। जेब में पटाखे न रखें

■ प्रभा किरण

क्या है नेत्र विशेषज्ञ की सलाह

नेत्र विशेषज्ञ डा. प्रियंका सिंह ने बताया कि ज्यादातर पटाखों के विस्फोट के कारण आंख में चोट लग सकती है। पटाखों में पाए जाने वाले कण आपकी आंख के अंदर जाकर आंख को नुक्सान पहुंचा सकते हैं। विस्फोट की चोटों से कॉर्निया को स्थायी नुकसान हो सकता है, आखों से खून निकलना, रेटिना टेअर और डिटेचमेंट या ओप्टिक नर्व डैमेज हो सकता है। पटाखों में मौजूद रसायनों में कार्बन, सल्फर और अन्य रसायन होते हैं जो कार्निया को रासायनिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, अपनी आंखों को इन स्थाई दृश्य हानि से बचाने के लिए आंखों की सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन किया जाना चाहिए।

रिया शर्मा की हुई एंट्री

नई दिल्ली (एसएनबी)। स्टार प्लस का 'बन्नी चाउ होम डेलिवरी' में नई एंट्री हैं रिया शर्मा। रिया शर्मा बताती हैं, थोड़ी नर्वस भी हूं और मैं इसे बहुत एन्जॉय कर रही हूं। प्यारे लव बर्ड के बीच मुझे देखकर लोग पागल हो जाएंगे।

कर्म पर विश्वास है सिद्धार्थ मल्होत्रा

नई दिल्ली (एसएनबी)। सिंघम उर्फ अजय देवगन 'थैंक गॉड' के को-स्टार्स सिद्धार्थ मल्होत्रा, रकुल प्रीत सिंह के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के द कपिल शर्मा शो में शिरकत फरमाएंगे। सिद्धार्थ बताते हैं, मैं सोचता हूं कि हमारे देश में लोग किस तरह कर्म पर विश्वास करते हैं, और जैसा कि कहा जाता है 'जैसी करनी वैसी भरनी'। अजय देवगन कपिल की टांग खीचते हुए कहेंगे, लेकिन कपिल इस पर विश्वास नहीं करता। इस पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और अर्चना कहेंगे, इसकी करनी और भरनी अलग है। यह जिस तरह करता है, उससे कहीं ज्यादा भर देता है (हंसते हुए)।

नॉवल पढ़ती हूं : श्वेता

नई दिल्ली (एसएनबी)। श्वेता हमेशा से पढ़ने की शौकीन रही हैं और अपने सबसे शौक यानी किताबों के लिए थोड़ा समय निकाल लेती हैं। श्वेता बताती हैं, मुझे किताबे पढ़ने में बहुत मजा आता है। दिलचस्प नॉवेल पढ़कर मैं खुश और बेफिक्र महसूस करती हूं। बचपन में मुझे नॉवेल पढ़ना बहुत पसंद था और किताबों के लिए मेरा प्यार मैंने अपनी मां से पाया है।

संजय दत्त ने रणवीर सिंह को लेकर दिया बड़ा बयान

मुंबई (आईएएनएस)। अमेजॅन मिनीटीवी के साप्ताहिक कॉमेडी शो केस तो बनता है के नवीनतम एपिसोड में संजय दत्त ने रितेश देशमुख द्वारा शुरू किए गए 'अतरंगी इल्जाम' बैराज के खिलाफ खुद का काफी बचाव किया और इस बीच उन्होंने रणवीर को लेकर भी बात की। अपने स्वैग और नासमझ स्वभाव के साथ, 'लगे रहो मुन्नाभाई' सुपरस्टार ने अपने दोस्त की मदद ली, जिसे हम सभी 'बापू' के नाम से जानते हैं, मजाकिया और बेतुके आरोपों का बचाव करने में। संजू बाबा को अपने दोस्त और जनता का वकील रितेश देशमुख के साथ थिरकते हुए भी देखा गया और यह एपिसोड की मुख्य विशेषताओं में से एक था। एपिसोड के मजेदार पलों को जोड़ते हुए, वरुण शर्मा ने संजय दत्त के साथ बातचीत करते हुए उनसे पूछा, अगर खल नायक का रीमेक बने तो इन में से कौन अभिनेता को आपका रोल नहीं करना चाहिए।

'पाथेर पांचाली' सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित

मुंबई (भाषा)। मह्न फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फीचर फिल्म 'पाथेर पांचाली' को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स (एफआईपीआरई-एससीआई) ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है। भारतीय सिनेमा के इतिहास में 1955 की इस फिल्म ने शीर्ष 10 फिल्मो में प्रथम स्थान ह्रासलि किया, जिसका ऐलान एफआईपीआरई-एससीआई की ओर से कराए गए मतदान के बाद किया गया।

एफआईपीआरईएससीआई-भारत की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक मतदान गुप्त रूप से कराया गया, जिसमें 30 सदस्य शामिल थे। यह फिल्म बिभूतिभूषण बंदोपाध्याय लिखित वर्ष 1929 के बंगाली उपन्यास पर आधारित है जिसका समान नाम 'पाथेर पांचाली' है। यह रे के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। इसमें सुबीर बनर्जी, कानू बनर्जी, करुणा बनर्जी, उमा दासगुप्ता, पिनाकी सेनगुप्ता और चुनिबाला देवी ने अभिनय किया था।



इस सूची में ऋत्विक घटक की वर्ष 1960 की बंगाली ड्रामा फिल्म 'मेघे ढाका तारा', मृणाल सेन की 1969 में बनी हिंदी ड्रामा फिल्म 'भुवन सोम', अडूर गोपालकृष्णन की 1981 में बनी मलयालम ड्रामा फिल्म 'एलिप्पाथायम', गिरीश कासरवल्ली की 1977 की कन्नड़ फिल्म 'घटाश्रद्धा', एमएस सथ्यू की 1973 की हिंदी फिल्म 'गर्म ह्वा', सत्यजीत रे की 1964 की बंगाली फिल्म 'चारुलता', श्याम बेनेगल की 1974 की हिंदी फिल्म 'अंकुर', गुरु दत्त की वर्ष 1954 की हिंदी फिल्म 'प्यासा' और रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित 1975 की ब्लॉक बस्टर हिंदी फिल्म 'शोले' शामिल है।

शर्लिन की शिकायत पर साजिद के खिलाफ समन की आशंका

मुंबई (वार्ता)। महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस अभिनेत्री एवं मॉडल शर्लिन चौपड़ा द्वारा दायर यौन उत्पीड़न की शिकायत पर फिल्म निर्माता साजिद खान के खिलाफ समन जारी कर सकती है। सिटी पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह इस बात की पुष्टि की। शर्लिन ने साजिद पर उसके मुंबई आवास पर बैठक के दौरान छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। शर्लिन ने यहां जुहू पुलिस स्टेशन पर लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस जल्द ही शर्लिन के बयान दर्ज करेगी और बिग बॉस के सोलह प्रतिभागी को तलब करेगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को भी एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया है कि साजिद के हटने तक बिग बॉस 16 का प्रसारण रोक दिया जाए। शर्लिन ने मीडिया से कहा, साजिद ने मुझे अपना निजी अंग दिखाकर रेटिंग के लिए कहा था। वह फराह खान का भाई है जो कि शाहरुख खान और सलमान खान की करीबी है। मैं उसके सामने क्या हूं? साजिद खान फिलहाल सलमान खान के शो 'बिग बॉस 16' में प्रतिभागी है।

अक्षय की फिल्म रामसेतु का गाना जय श्रीराम रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म रात सेतु का गाना जय श्री राम रिलीज कर दिया गया है। फिल्म रामसेतु में अक्षय कुमार के साथ जैकलीन फर्नांडीस और नुसरत भरुचा की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म एक आर्कियोलॉजिस्ट के बारे में है जिसे यह जांचने की जिम्मेदारी दी गई है कि राम सेतु सच है या सिर्फ एक कल्पना। रामायण की कहानी के अनुसार रामसेतु का निर्माण प्रभु श्रीराम की सेना ने भारत से श्रीलंका के बीच किया था और यह फिल्म उसी राम सेतु पुल को बचाने के मिशन के बारे में है।

रामसेतु का गाना श्री राम रिलीज हो गया है। इस गाने में अक्षय कुमार, नुशरत भरुचा और जैकलीन फर्नांडीस नजर आ रहे है। गाने में राम सेतु से जुड़ी कहानी भी दिखाई दे रही है। इस गाने में राम सेतु की खोज की जा रही है। इसके लिए विज्ञान का सहारा लिया जा रहा है। जय श्री राम गाने को विक्रम मोंट्रोसे ने गाया है। वहीं गाने को शेखर अस्तित्व ने लिखा है।

दिवाली पर घरौंदा और रंगोली बनाने की रही है परंपरा

■ पटना (वार्ता)।

दिवाली के अवसर पर गणेश-लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ घरौंदा और रंगोली बनाकर उसकी पूजा करने की परंपरा रही है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम जब चौदह वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे तो उनके आने की खुशी में अयोध्यावासियों ने अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था। लोगों ने यह माना कि अयोध्या नगरी उनके आगमन से एक बार फिर बस गई है। इसी परम्परा के कारण घरौंदा बनाकर उसे सजाने का प्रचलन बढ़ा। कार्तिक माह का आरंभ होते ही लोग अपने अपने घरों में साफ सफाई का काम शुरू कर देते हैं। इस दौरान घरों में घरौंदा बनाने का निर्माण आरंभ हो जाता है। घरौंदा 'घर' शब्द से बना है। माह के आरंभ से ही सामान्य तौर पर दीपावली के आगमन पर अविवाहित लड़कियां घरौंदा का निर्माण करती है। अविवाहित लड़कियों द्वारा इसके निर्माण के पीछे मान्यता है कि इसके निर्माण से उनका घर भरा पूरा बना रहेगा। हालांकि कई जगहों पर घरौंदा बनाने का प्रचलन दीपावली के दिन होता है।

घरौंदा की परंपरा : घरौंदा में सजाने के लिए कुल्हिया-चुकिया का प्रयोग किया जाता है और उसमें अविवाहित लड़कियां लावा, फरही मिष्ठान भरती हैं। इसके पीछे मुख्य वजह रहती है कि भविष्य में जब वह शादी के बाद ससुराल जाए तो वहां भी भंडार अनाज से भरा रहे। कुल्हियां चुकिया में भरे अन्न का प्रयोग वह स्वयं नहीं करती बल्कि इसे अपने भाई को खिलाती हैं क्योंकि घर की रक्षा और उसका भार वहन करने का दायित्व पुरुष के कंधे पर रहता है। घरौंदा से खेलना लड़कियों को काफी भाता है। इस कारण वह इसे इस तरह से सजाती हैं जैसे वह उनका अपना घर हो। घरौंदा की सजावट के लिए तरह-तरह के रंग-बिरंगे कागज, फूल, साथ ही वह इसके अगल बगल दीये का प्रयोग करती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि इससे उसके घर में अंधेरा नहीं हो और सारा घर रोशनी कायम रहे। आधुनिक दौर में घरौंदा एक मंजिला से लेकर दो मंजिला तक बनाए जाने की परंपरा है।

रंगोली की परंपरा : दीपावली के दौरान ही घर में रंगोली बनाए जाने की भी परंपरा है। दीपावली के दिन घर की साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जाता है और रंगोली घर को चार चांद लगा देती है। घर चाहे कितना भी अधिक सुंदर हो यदि रंगोली घर के मुख्य द्वार पर नहीं सजाई गई तो घर की सुंदरता अधूरी सी लगती है। सामान्य के तौर पर रंगोली का निर्माण चावल, गेंहू, मैदा, पेंट और अबीर से बनाया जाता है लेकिन सर्वश्रेष्ठ रंगोली फूलों से बनाई जाती है। इसके लिए गेंदा और गुलाब के साथ हरसिंगार के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है जो देखने में सुंदर तो लगता ही है साथ ही सात्विकता को भी उजागर करता है ।

दिल के मरीजों को दिवाली पर सावधान रहने की जरूरत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रोशनी और खुशियों से भरे त्योहार दिवाली को लेकर लोग काफी उत्साहित है। इस अवधि के दौरान, अत्यधिक मीठे व्यंजनों के साथ उत्सव का आनंद हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है। लोग साल भर अनजाने में कई बाहरी या आंतरिक स्थितियों से दिल से जुड़ी बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हमें खास देखभाल करने की आवश्यकता है। आईएचएल ने एक टेक-ड्राइवन हर्ट हेल्थ कैलकुलेटर विकसित किया है, जो एक निवारक उपकरण के रूप में कार्य करता है। यह उम्र, बीएमआई, बीपी और कोलेस्ट्रॉल के स्तर समेत कई कारकों का उपयोग करके हृदय जोखिम मूल्यांकन में मदद करता है।

नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डॉ मोहसिन वाली ने कहा, हृदय रोगों को रोका जा सकता है। इसके लिए लाइफस्टाइल मोडिफिकेशन और डाइट के अलावा, हमें हृदय की स्थिति से अपडेट होने के लिए निवारक जांच पर ध्यान देना चाहिए। हार्ट हेल्थ पर आईएचएल वेलनेस मैटर्स एपिसोड-13 के दौरान हार्ट हेल्थ स्कोर और लाइफस्टाइल में बदलाव की गणना करके हार्ट अटैक को रोकने के उपायों पर बोलते हुए, इंडिया हेल्थ लिंक (आईएचएल) के संस्थापक और सीईओ डॉ सत्येंद्र गोयल ने कहा, हमें भारत और दुनिया भर में हृदय स्वास्थ्य के बारे में आम जनता को शिक्षित करने की आवश्यकता है और आईएचएल निवारक देखभाल के बारे में जागरूकता फैलाने और इसके लिए एक विविध समाधान प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रहा है। हम चाहते हैं कि 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक वयस्क सरल मापदंडों का उपयोग करके हृदय स्वास्थ्य समेत अपने स्वास्थ्य को ट्रैक करने में सक्षम हो।

डॉ गोयल ने आगे कहा, अपनी व्यक्ति गत स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करके, आप हमारे फ्री ऐप हर्ट हेल्थ मीटर या हर्ट हेल्थ कैलकुलेटर का उपयोग कर सकते हैं। इसमें बस आपको अपने ब्लड प्रेशर, वेट, हाइट और नॉर्मल लाइफस्टाइल जैसी जानकारी दर्ज करनी होगी। जिसके बाद यह आपको आपके दिल से जुड़ी जोखिमों के बारे में बताएगा। प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के बारे में बोलते हुए, इंडिया हेल्थ लिंक (आईएचएल) के सह-संस्थापक और अध्यक्ष डॉ स्वदीप श्रीवास्तव ने कहा, निवारक स्वास्थ्य देखभाल में मौजूदा अंतर को भरने के लिए, इंडिया हेल्थ लिंक (आईएचएल) ने अपनी तरह का पहला कनेक्टेड मानव-केंद्रित फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) स्क्रीनिंग इकोसिस्टम पेश किया है। जिसमें पुरस्कार विजेता मेड इन इंडिया हेल्थ पॉड-हेल्थ एटीएम शामिल है। हेल्थ एटीएम के माध्यम से, व्यक्ति ब्लड प्रेशर, वजन, एसपीओ2, बीएमआई, बीएमसी, पल्स, तापमान और ईसीजी समेत 20 से ज्यादा स्वास्थ्य महत्वपूर्ण मापदंडों के लिए अपनी स्क्रीनिंग 5 मिनट के भीतर करवा सकते हैं, इसके बाद बिना किसी पैरामेडिक सहायता के तत्काल रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं।

आईएचएल के हार्ट हेल्थ कैलकुलेटर के बारे में विस्तार से बताते हुए डॉ गोयल ने कहा, हमारा लक्ष्य प्रत्येक भारतीय नागरिक को उनके दिल के जोखिमों का आकलन करने के लिए हार्ट असेसमेंट टूल देना है। इसके लिए हमने आईएचएल का हार्ट हेल्थ कैलकुलेटर विकसित किया है, हालांकि यह मेयो क्लिनिक स्वास्थ्य प्रणाली पर आधारित है, इसे फ्रामिंघम स्टडी के इस्तेमाल से बनाया गया है, जिसका दुनिया भर में पालन किया जाता है। हमने फ्रामिंघम स्टडी और एएससीवीडी जोखिम अनुमानक, अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के हालिया कैलकुलेटर को लिया, और उन्हें सबसे सटीक रिस्क कैलकुलेटर प्रीडिक्शन प्राप्त करने के लिए संयोजित किया।

उन्होंने आगे कहा, यह एंड्रॉइड और ऐप्पल ऐप पर है, लेकिन हमारे पास हेल्थ कियोस्क नामक मेडिकल उपकरण भी है जो इस स्कोर के लिए ब्लड प्रेशर और अन्य महत्वपूर्ण संकेतों को मापता है। हालांकि, यह केवल एक कैलकुलेटर है जो आपके पारिवारिक इतिहास और जीवन शैली के आधार पर संभावना को प्रदर्शित करता है, ताकि आप निवारक उपाय कर सकें। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला कैलकुलेटर है और सभी प्रख्यात डॉक्टर शायद इस बात से सहमत होंगे कि फ्रामिंघम स्टडी गोल्ड मानक है।

संक्षिप्त खबरें

बीकेटी ने किसान मेले में पेश किए एग्री-टायर

मेरठ। टायर बाजार की प्रमुख कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लि. (बीकेटी) ने मेरठ में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी में अपने कुछ अत्याधुनिक एग्री-टायरों का प्रदर्शन किया, जिन्हें इस क्षेत्र की ज़रूरतों के आधार पर डिजाइन किया गया था। इस बारे में कंपनी के राजीव कुमार ने कहा कि हमने किसानों के साथ बातचीत की और उनकी जरूरतों और चिंताओं के बारे में सुना। इससे हमें सबसे प्रभावी टायरों को डिजाइन करना जारी रखने और किसानों की मांगों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस तरह के मेलों में भाग लेने से हमें अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से समझने और ग्राहक-केंद्रित बने रहने में मदद मिलती है। हमारे पास कृषि यंत्रों के टायरों की विस्तृत रेंज है।

आईआरबी इंफ्रा का शुद्ध लाभ 101.65 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 101.65 प्रतिशत उछलकर 85.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की जुलाई-सितंबर तिमाही में 42.30 करोड़ रुपये एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। ह्यलांकि कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही में घटकर 1,438 करोड़ रुपये रह गयी। एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,504 करोड़ रुपये रही थी।

जीआरएम ओवरसीज़ ने लॉन्च किया बासमती चावल

लखनऊ। भारत के प्रमुख चावल निर्यातकों में से एक जीआरएम ओवरसीज ने अब घरेलू बाजार में 10 एक्स जरदा किंग गोल्डन सेला बासमती चावल . 1121 लॉन्च किया है। नई पेशकश पर अतुल गर्ग प्रबंध निदेशक जीआरएम ओवरसीज का कहना है पूरी दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाला हमारा 10 एक्स जर्दा किंग गोल्डन सेला बासमती चावल उत्तर प्रदेश में पेश कर हम गौरवान्वित हैं। इससे घरेलू बाजार में हमारी हिस्सेदारी बढ़ गई है। यह चावल 5 किलो, 10 किलो और 25 किलो पैक में उपलब्ध है।

उपभोक्ताओं के लिए क्रेयान मोटर्स की पेशकश

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक व्हीकल ब्रांड क्रेयॉन मोटर्स ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की अपनी रेंज पर स्पेशल दिवाली ऑफर्स की घोषणा की है। उपभोक्ताओं को स्क्रैच कार्ड के जरिए स्मार्टफोन्स, एलईडी टीवी और सोने के सिक्के जैसे निश्चित पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। उपभोक्ता के लिए यह ऑफर 15 नवंबर तक वैध है। क्रेयॉन मोटर्स के डायरेक्टर राहुल जैन ने यह जानकारी दी।

सेसमी ने स्वच्छता अभियान के लिए मिलाया हाथ

नई दिल्ली। सेसमी वर्कशॉप इण्डिया ने यूनिलीवर और ब्रिटेन सरकार के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के स्वच्छता और व्यवहार परिवर्तन गठबंधन के साथ मिलाते हुये देशभर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। इसके जरिये सेसमी वर्कशॉप इण्डिया यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित डिजिटल चैनलों के माध्यम से 20 मिलियन से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही यह रेडियो द्वारा हिंदी, तेलगू, तमिल और मराठी भाषा में 15 मिलियन व्यक्तियों को स्थायी व्यवहार परिवर्तन के संदेश पहुंचायेगा। वहीं स्कूलों में साबुन के ब्रांड लाइफबॉय के सहयोग से 'एच फॉर हैंडवाशिंग' का एक नया हिंदी वर्जन भी वितरित किया जाएगा।

एमजी मोटर ने 10,000 शोफरों का कौशल उन्नयन किया

नोएडा। एमजी मोटर इंडिया सारथी प्रोग्राम के तहत 10,000 प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित करने का माइलस्टोन पूरा किया है। यह प्रोग्राम वर्ष 2021 में एमजी के ग्राहकों के शोफरों (निजी ड्राइवरों) को एमजी कारों की नवीनतम तकनीकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य के साथ आरम्भ हुआ था। यह पहल एमजी मोटर के सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड, और इलेक्ट्रिक) यानी संयोजित, स्वायत्त, साझा, और विद्युत की दृष्टि के अनुसार की गई थी। पूरे भारत में 10,000 से अधिक शोफरों की कुशलता बढ़ाकर एमजी सारथी प्रतिभागियों को एमजी कारों में मौजूद उन्नत विशेषताओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रहा है। प्रशिक्षण सत्रों में जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने के लिए सुरक्षित वाहन परिचालन और सड़क सुरक्षा तकनीकों से सम्बंधित सबक शामिल किये गए है।

लगातार छठे दिन चढ़ा शेयर बाजार

■ मुंबई (वार्ता)।

वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक में लगभग नौ प्रतिशत की उछाल से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन भी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक



सेंसेक्स 104.25 अंक मजबूत होकर 59307.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12.35 अंक बढ़कर 17576.30 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.75 प्रतिशत गिरकर 24,805.15 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत टूटकर 28,566.82 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3558 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में तेजी जबकि 1976 में गिरावट रही वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 21 कंपनियां हरे जबकि शेष 29 लाल निशान पर रही। बीएसई में रियल्टी, वित्तीय सेवाएं और बैंकिंग समूह की 2.07% तक की तेजी को छोड़कर शेष 17 समूह में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान इंडस्ट्रियल्स 1.07, कैपिटल गुड्स 1.12 और टेक समूह के शेयर 1.37 प्रतिशत उतर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।

दीपावली पर एक घंटे के लिए होगा मुहूर्त कारोबार

नई दिल्ली (भाषा)। हिंदू संवत वर्ष 2079 की शुरुआत के पहले दिन दीपावली पर सोमवार को प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक घंटे का विशेष कारोबारी सत्र 'मुहूर्त ट्रेडिंग' होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में बताया कि यह सांकेतिक कारोबारी सत्र शाम को सवा छह बजे से सवा सात बजे के बीच होगा। ऐसी मान्यता है कि 'मुहूर्त' के दौरान लेन-देन करना शुभ होता है और यह वित्तीय समृद्धि लाता है।

मुहुर्त कारोबार के दौरान शेयर के अलावा जिंस वायदा, मुद्रा वायदा, शेयर वायदा एवं विकल्प जैसे क्षेत्रों में भी कारोबार होगा। अपस्टॉक्स में निदेशक पुनीत माहेश्वरी ने कहा, "किसी भी नई चीज की शुरुआत करने के लिए दीपावली को सबसे अच्छा वक्त माना जाता है। बाजार में धारणा सकारात्मक है और विभिन्न क्षेत्रों में खरीदारी हो रही है। माना जाता है कि इस सत्र के दौरान खरीदारी करने पर निवेशक को सालभर लाभ मिलता है।" उन्होंने कहा कि यह सत्र केवल एक घंटे का है इसलिए नए कारोबारियों को इस दौरान सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि बाजार में उतार-चढ़ाव आता रहता है। सेंकटम वेल्थ के सह-प्रमुख मनीष जेलोका ने कहा कि संवत 2078 के दौरान भारतीय शेयर बाजारों ने वैश्विक बाजारों की तुलना में कहीं अच्छा प्रदर्शन किया था जो संवत 2079 में भी जारी रहने की उम्मीद है।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 528.37 अरब डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 4.50 करोड़ डॉलर घटकर 528.37 अरब डॉलर पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इससे पहले, सात अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इसमें इस साल अगस्त के बाद से पहली बार किसी साप्ताह में वृद्धि हुई थी। एक साल पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कई हफ्तों से लगातार कम हो रही है। दरअसल तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में डॉलर के मुकाबले तेजी से गिरते रुपये को संभालने के लिए आरबीआई ने इस विदेशी मुद्रा भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल किया है। आंकड़ों के अनुसार, 14 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 2.828 अरब डॉलर घटकर 468.668 अरब डॉलर रह गयीं।

सीसीआई के फैसले की समीक्षा करेंगे : गूगल

■ नई दिल्ली (भाषा)।

गूगल ने शुक्रवार को कहा कि वह गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के लिये 1,338 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाये जाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश की समीक्षा करेगी। कंपनी ने सीसीआई के फैसले को भारतीय ग्राहकों के लिये एक बड़ा झटका बताया। सीसीआई के आदेश के बाद अपनी पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में गूगल ने कहा कि एंड्रायड ने सभी के लिए अधिक विकल्प बनाए हैं और यह ऐप भारत तथा दुनिया भर में हजारों सफल व्यवसायों का समर्थन करता है।

गूगल के प्रवक्ता ने एक ईमेल बयान में कहा, 'सीसीआई का फैसला भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक बड़ा झटका है, जिससे एंड्रायड की सुरक्षा सुविधाओं पर भरोसा करने वाले भारतीयों के लिए एक गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा होगा और भारतीयों के लिए मोबाइल उपकरणों की लागत बढेगी।' गूगल ने कहा, "वह अगले कदम का मूल्यांकन करने के लिए इस फैसले की समीक्षा करेगा।"

सीसीआई ने गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण क्षेत्र में कई बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर यह कार्रवाई की गई।

इसके अलावा, सीसीआई ने गूगल को अनुचित कारोबारी गतिविधियों को बंद करने का निर्देश भी दिया है। आयोग ने बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि गूगल को एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कामकाज के तरीके को संशोधित करने का निर्देश भी दिया गया है।

सीसीआई ने अप्रैल 2019 में देश में एंड्रॉयड आधारित स्मार्टफोन के उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया था।

जेट एयरवेज के नए मालिक को कर्मचारियों के बकाया भविष्य निधि को चुकाने का निर्देश

■ नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने जेट एयरवेज के नए मालिक जालान-कलरॉक समूह को विमानन कंपनी के कर्मचारियों के बकाया भविष्य निधि और ग्रेच्युटी को चुकाने का निर्देश दिया है। विमानन कंपनी जल्द ही अपना परिचालन शुरू करने जा रही है। एनसीएलएटी पूर्व समाधान पेशेवर को 'आज से एक महीने के भीतर कामगारों और कर्मचारियों को किए जाने वाले भुगतान का आंकलन करने' का निर्देश दिया है। साथ ही भुगतान के लिए कदम उठाने को लेकर जालान-कलरॉक कंसोर्टियम को इसकी सूचना देने के लिए भी कहा है।

■ कर्मचारी भी दिवाला कार्रवाई शुरू होने की तारीख तक देय ग्रेच्युटी के हकदार होंगे

कामगारों के संघों, एयरक्राफ्ट रख-रखाव इंजीनियर्स, ऑफिसर्स एंड स्टाफ एसोसिएशन और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के एक दल को अनुमति देते हुए दो सदस्यीय एनसीएलएटी पीठ ने नए मालिक को संकल्प पेशेवर द्वारा स्वीकार किए गए भविष्य निधि बकाया का भुगतान करने के लिए कहा था।

एनसीएलएटी ने कहा, 'सफल समाधान आवेदक को कामगारों को संकल्प योजना में भविष्य निधि के लिए पहले से भुगतान की गई राशि की कटौती करने के बाद दिवालिया कार्रवाई शुरू होने की तिथि तक कर्मकारों को अवैतनिक भविष्य निधि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है।' अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा कि कर्मचारी भी दिवाला कार्रवाई शुरू होने की तारीख तक देय ग्रेच्युटी के हकदार होंगे। एनसीएलएटी का आदेश राष्ट्रीय कंपनी कानून प्राधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। इससे पहले एनसीएलटी ने जालान-कलरॉक समूह की बोली को मंजूरी दे दी थी।

जियो को 4,518 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस जियो इंफोकॉम का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई- सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढकर 4,518 करोड़ रुपये हो गया। दूरसंचार कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसका शुद्ध लाभ 3,528 करोड़ रुपये था।

समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 20.2 प्रतिशत बढ़कर 22,521 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 18,735 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजे ऐसे वक्त में आए हैं, जब कंपनी देश भर में बड़े पैमाने पर 5जी सेवाओं को शुरू करने की तैयारी कर रही है।

यूफियस लर्निंग और कर्मचारी नियुक्ति करेगी

नई दिल्ली (भाषा)। यूफियस लर्निंग मूल रूप से स्कूलों को सेवा देने वाले भारत के सबसे बड़े प्लेटफार्मों में से एक है जिसने पूरे भारत में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति करने की घोषणा की है। फिलहाल कम्पनी में 316 कर्मचारी है और इस वित्त वर्ष में टीम में 300 लोगों को जोड़ने की योजना है। इस विस्तार के बाद स्वदेशी एडटेक के कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर 600 हो जाएगी। यूफियस लर्निंग के एमडी सर्वेश श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में अपनी सेल्स टीम के माध्यम से हम 110 से अधिक शहरों में सेवारत है।

कोल इंडिया ने 17 और परियोजनाएं शुरू कीं

कंपनी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर 11000 करोड़ खर्च करेगी

■ नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने तीसरे चरण के तहत 17 फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाएं शुरू की हैं। इन परियोजनाओं की लागत 11 हजार करोड़ रुपये है। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी का अर्थ है कि खदान के मुहाने से डिस्पैच केंद्र तक कोयले का परिवहन। कोल इंडिया ने एक बयान में कहा, '11,000 करोड़ की अनुमानित लागत से तैयार इन परियोजनाओं की लदान क्षमता 31.7 करोड़ टन सालाना (एमटीपीए) करने की योजना है।' कंपनी वित्त वर्ष 2024-25 तक नयी परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी करने की योजना भी बना रही है और इन्हें वित्त वर्ष 2026-27 तक चालू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सीआईएल मौजूदा 44 परियोजनाओं को दो चरणों के तहत सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है।

बैंकों के तिमाही परिणाम उत्साहवर्धक रहे

आईडीबीआई बैंक को 828 करोड़ का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 828 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 567 करोड़ रुपये था। बैंक ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में उसका परिचालन लाभ 2,208 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व समान अवधि के 1,346 करोड़ रुपये से 64 प्रतिशत अधिक है।

आलोच्य तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 48 प्रतिशत के इजाफे के साथ 2,738 करोड़ रुपये रही जो पहले 1,854 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में चालू खाता-बचत खाता (कासा) जमा छह प्रतिशत बढ़कर 1,29,407 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जो एक वर्ष पूर्व समान तिमाही में 1,21,995 करोड़ रुपये थी। इस दौरान शुद्ध रूप से प्रदान किए गए ऋण 17 प्रतिशत उछलकर 1,46,752 करोड़ रुपये पर पहुंच गए।

आईडीबीआई बैंक का 30 सितंबर 2022 को सकल अवरुद्ध ऋण (एनपीए) सुधरकर 16.51 प्रतिशत पर आ गया जो एक वर्ष पूर्व 21.85 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए 1.71 प्रतिशत से ठीक होकर 1.15 प्रतिशत पर आ गया।

सीएसबी बैंक को 121 करोड़ का मुनाफा :- सीएसबी बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 120.55 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष समान तिमाही में उसे 118.57 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 600.12 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 555.64 करोड़ रुपये थी।

परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर सकल कर्ज का 1.65 फीसदी रह गईं जो 2021 की सितंबर तिमाही में 4.11 फीसदी थी। वहीं बैंक का शुद्ध एनपीए भी 2.63 फीसदी से घटकर 0.57 फीसदी रह गया। निरपेक्ष रूप से बैंक का सकल एनपीए 587 करोड़ रुपये से घटकर 291 करोड़ रुपये हो गया। वहीं शुद्ध एनपीए भी 370 करोड़ से घटकर 99 करोड़ रुपये हो गया।

करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत बढ़ा :- निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक (केवीबी) का शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 52 प्रतिशत बढ़कर 250 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शुक्रवार को बताया कि शुद्ध ब्याज आय में दहाई अंकों की वृद्धि और फंसे कर्ज में कमी के चलते उसका मुनाफा बढ़ा। केवीबी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 165 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। केवीबी ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 1,821.05 करोड़ रुपये हो गई, जो 2021-22 की समान तिमाही में 1,562.61 करोड़ रुपये थी। बैंक ने सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के साथ ही अपने फंसे हुए कर्ज में काफी सुधार किया। इस दौरान शुद्ध एनपीए 2.99 फीसदी (1,537.71 करोड़ रुपये) से घटकर 1.36 फीसदी (818.72 करोड़ रुपये) रह गया।

बायोफ्यूल सेक्टर में इंट्री करेगा ट्राइडेंट

एक्सएलआरआई और ट्राइडेंट ग्रुप के साथ हुआ एमओयू

रांची (वार्ता)। झारखंड में जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) जमशेदपुर ने ट्राइडेंट ग्रुप के साथ एमओयू किया। एक्सएलआरआई की ओर से डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे व आरआई के निदेशक और ट्राइडेंट ग्रुप के एमेरिटस चेयरमैन सह संस्थापक पद्म राजिंदर गुप्ता ने आज इस एमओयू पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए।

इस एमओयू के तहत ट्राइडेंट ग्रुप के द्वारा एक्सएलआरआई के पीजीडीएम (जीएमपी) के छात्रों को ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर, फंक्शनिंग, इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों के साथ ही समय-समय पर लीडरशिप टॉक व केस स्टडी से जुड़ी कई अहम बातें सिखायी जाएंगी। एक्सलर्स को इंडस्ट्री की व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से उक्त एमओयू किया गया है, ताकि विद्यार्थी पठन-पाठन के दौरान ही कई महत्वपूर्ण चीजों को करीब से सीख सकें।

एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज, एसजे ने कहा आने वाले दिनों में देश व दुनिया को एथिकल वैल्यू आधारित बिजनेस लीडर तैयार कर देना एक्सएलआरआई का शुरू से उद्देश्य रहा है। वहीं पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने भी सभी को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने वर्तमान दौर में टेक्नोलॉजी की वजह से व्यापार के बदले परिदृश्य का उल्लेख किया। उन्होंने अपने अब तक की सफर से जुड़ी चुनौतियां व संघर्षों की जानकारियां साझा की। साथ ही एंटरप्रेन्योर बनने के टिप्स भी दिये इस दौरान उन्होंने कहा कि ट्राइडेंट ग्नुप आने वाले दिनों में बायोफ्यूल सेक्टर में भी इंट्री करने जा रही है। इस दौरान एक्सएलआरआइ के करीब 120 छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

बाजार में स्थिरता के लिए काम कर रहा ओपेक : सऊदी अरब

■ नई दिल्ली (भाषा)।

सऊदी अरब ने शुक्रवार को तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगी देशों (ओपेक प्लस) द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के फैसले का बचाव किया। सऊदी अरब ने कहा कि कटौती का फैसला बाजार को सुरक्षित और स्थिर करने के लिए सही है। सऊदी ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान ने यहां कहा की ओपेक और सहयोगी देश "सही काम कर रहे हैं।"

वह सऊदी प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अगले महीने प्रस्तावित भारत यात्रा के लिए जमीन तैयार करने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर हैं। ओपेक और सहयोगी देशों ने इस महीने की शुरुआत में फैसला किया था कि नवंबर से कच्चे तेल के उत्पादन कोटा में 20 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की जाएगी। उन्होंने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा किए गए इस फैसले का मकसद बाजार को सुरक्षित और स्थिर बनाए रखना है। इस फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी गई। भारत की यात्रा पर आए सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बिजली मंत्री आर के सिंह सहित शीर्ष मंत्रियों के साथ चर्चा की।

इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात सितंबर में गिरा

■ नई दिल्ली (वार्ता)।

मुख्य तौर पर लोहे और इस्पात के निर्यात में कमी से देश के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में सितंबर 2022 में गिरावट दर्ज की गयी जो चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित 127 अरब डॉलर के क्षेत्रीय निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक चुनौती है। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि देश का सितंबर 2022 में इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात वार्षिक आधार पर 10.85 प्रतिशत गिरकर 8.40 अरब डॉलर रहा जो सितंबर 2021 में 9.42 अरब डॉलर था।

यूरोप और चीन में मंदी का इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात पर बड़ा असर दिखा क्योंकि ये देश निर्यात के कुल एक-चौथाई हिस्से का वहन करते है।

सितंबर 2022 में देश से यूरोपीय संघ को किए गए इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में वार्षिक आधार पर 6.3 प्रतिशत की गिरावट दिखी जबकि चीन को किए गए निर्यात में 64.5 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

प्रमुख 25 बाजारों में से 15 देशों में भारतीय इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में गिरावट दर्ज की गयी। सितंबर 2022 में देश के लिए इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा। इस दौरान अमेरिका को किया गया निर्यात वार्षिक आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 1.51 अरब डॉलर रहा।

ईईपीसी के अनुसार, चीन को किया गया निर्यात गिरकर 20.36 करोड़ डॉलर रहा जो सितंबर 2021 में 57.29 करोड़ डॉलर था।

यूरोपीय संघ के साथ आलोच्य माह में इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात वार्षिक आधार पर 6.3 प्रतिशत घटकर 1.61 अरब डॉलर रहा। यूरोप के जर्मनी, इटली, बेल्जियम और स्पेन ने भारत से इंजीनियर सामानों का आयात कम किया है। इस दौरान ब्रिटेन को भारतीय इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात वार्षिक आधार पर 37.9 प्रतिशत गिरकर 21.79 करोड़ डॉलर रहा।

ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन अरुण कुमार गरोड़रिया ने कहा, 'इंजीनियरिंग निर्यात में गिरावट दर्ज की जा रही है। सितंबर में निर्यात में 10.85 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी जबकि समेकित आधार पर अप्रैल-सितंबर 2022 अवधि में निर्यात बहुत थोड़ा 1.15 प्रतिशत बढ़ा है। यह गिरावट मुख्य तौर पर इस्पात के निर्यात में कमी से देखी जा रही है। सितंबर माह में लोहा और इस्पात में 60 प्रतिशत से अधिक का दबाव देखा गया जबकि समेकित अवधि में 30 प्रतिशत से अधिक गिरा है।"

उन्होंने कहा कि यह गिरावट गत 21 मई में लगाए गए 15 प्रतिशत निर्यात शुल्क का सीधा परिणाम है। श्री गरोड़िया ने कहा, "इस्पात निर्यात में गिरावट ने यूरोप, उत्तर पूर्व एशिया, अफ्रीका आदि सहित विभिन्न प्रमुख बाजारों में भारत की क्षमता को प्रभावित किया है।

ईईपीसी इंडिया ने सरकार से विशेष रूप से स्टेनलेस इस्पात क्षेत्र पर निर्यात शुल्क पर ध्यान देने का अनुरोध किया है। यह देश के लिए प्रमुख निर्यात उत्पाद है। ये भारत के लिए प्रमुख निर्यात उत्पाद है जो मुख्य रूप से सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम द्वार उत्पादित है और इसकी घरेलू मांग भी कम है।' चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में निर्यात 36.8 प्रतिशत घटा है।

अक्षर और अश्विन के बीच दूसरे स्पिनर के तौर पर टीम में जगह बनाने की जद्दोजहद

मेलबर्न (भाषा)। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के शुरुआती मैच से पहले वामहस्त भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल कोच राहुल द्रविड़ की देखरेख में नेट सत्र पर लंबे समय तक गेंदबाजी अभ्यास करते दिखे लेकिन चिर-प्रतिद्वंद्वी टीम में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों की मौजूदगी के कारण अंतिम एकादश में उनका चयन मुश्किल होगा।

भारतीय टीम ने पिछले एक साल के दौरान अंतिम एकादश में कई बदलाव किए है। इसमें से कुछ बदलाव कार्यभार प्रबंधन के कारण हुए तो कुछ खिलाड़ियों की चोटों के कारण। ऐसे में टीम टीम का संतुलन बिगड़ता रहा है। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने शुक्रवार को अभ्यास करने की जगह विश्राम करने को तरजीह दी। अंतिम एकादश में कप्तान रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या की जगह सुनिश्चित हैं तो वही मौजूदा लय के मामले में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर दिनेश कार्तिक ऋषभ पंत से आगे हैं।

कार्तिक ने शुक्रवार को बल्लेबाजी अभ्यास के बाद लंबे समय तक विकेटकीपिंग का अभ्यास भी किया। पंत भारतीय बल्लेबाजी के शीर्ष छह में बाएं हाथ के इकलौते बल्लेबाज है ऐसे में अगर कार्तिक और पंत दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है, तो रोहित को पांड्या को पांचवें गेंदबाजी विकल्प के तौर पर इस्तेमाल के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो कई मौकों पर टीम के लिए परेशानी का सबब रहा है।

पंत की तरह ही स्पिन गेंदबाजी में अक्षर की स्थिति है। वह पिछले कुछ समय से टीम के सबसे बेहतर गेंदबाज रहे है। पाकिस्तान के शीर्ष क्रम में हालांकि फखर जमां, मोहम्मद नवाज और खुशदिल शाह जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी में बाएं हाथ के स्पिनर को खेलना महंगा पड़ सकता है। इस विभाग में रविचंद्रन अश्विन के अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि उनकी मौजूदगी टीम में विविधता लाती है।

आस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों में युजवेंद्र चहल टीम के पहली पसंद के स्पिनर होंगे तो वही तेज गेंदबाजी में मोहम्मद शमी के साथ भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह सिंह की टीम में जगह पक्की लग रही है। मौजूदा लय को देखते हुए हर्षल के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।

विंडीज बाहर, जिम्बाब्वे सुपर 12 में

आयरलैंड ने दो बार की चैंपियन को 9 विकेट से हराया

होबार्ट (एपी)। आयरलैंड ने दो बार की चैंपियन वेस्ट इंडीज को टी-20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण से ही बाहर करके नौ विकेट से जीत के साथ सुपर 12 चरण में जगह बना ली। सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 48 गेंद में 66 रन बनाए। वेस्ट इंडीज के पांच विकेट पर 146 रन के जवाब में आयरलैंड ने 15 गेंद बाकी रहते एक विकेट पर 150 रन बना लिए। स्टर्लिंग ने पहले विकेट के लिए कप्तान एंडी बालबर्नी (37) के साथ 73 रन की साझेदारी की। इसके बाद लोरकान टकर के साथ 77 रन की अटूट साझेदारी भी की। टकर ने नाबाद 45 रन बनाए।

इससे पहले वेस्ट इंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। ब्रेंडन किंग ने 48 गेंद में सर्वाधिक 62 रन बनाए। वेस्ट इंडीज के लिए यह टूर्नामेंट बुरे सपने की तरह रहा जिसमें पहले ही मैच में उसे स्कॉटलैंड ने हराया था।

आयरलैंड के लिए स्पिनर जेरेथ डेलनी ने टी-20 कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 रन देकर तीन विकेट लिए। डेलानी ने कहा, 'हमारा सपना सच हो गया। हम सभी बहुत खुश हैं। हमारे लिए यह यादगार दिन है।' ग्रुप बी की सभी चार टीमें एक जीत और एक हार के साथ दौड़ में थी। जिम्बाब्वे को आखिरी मैच में स्कॉटलैंड से खेलना है और इसमें जीतने वाली टीम सुपर 12 में पहुंच जाएगी। पूर्व चैंपियन श्रीलंका और नीदरलैंड ग्रुप ए से सुपर 12 में पहुंचे हैं।

वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज को आउट करने पर डेलनी (सामने) को बधाई देते साथी।

जिम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को पीटा

होबार्ट (भाषा)। जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां ग्रुप बी मैच में स्कॉटलैंड पर पांच विकेट की आसान जीत से टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस जीत से ग्रुप बी में जिम्बाब्वे का शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया जिससे टीम सुपर 12 के ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड के साथ शामिल हो गई। हार के बाद स्कॉटलैंड का अभियान भी खत्म हो गया।

तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा ने शानदार प्रदर्शन किया जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 14 रन देकर दो विकेट झटके जिससे जिम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को छह विकेट पर 132 रन ही बनाने दिए। चतारा इसके साथ जिम्बाब्वे के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपनी सटीक गेंदबाजी से रन गति पर लगाम कसे रखी। रिचर्ड एनगारावा (28 रन देकर दो विकेट) थोड़े खर्चीले साबित हुए।

जवाब में जिम्बाब्वे ने अपने स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा के 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के जड़ित 40 रन और कप्तान क्रेग इरविन के 54 गेंद में 58 रन की बदौलत 18.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। रजा ने इससे पहले अपनी ऑफ स्पिन से 20 रन देकर एक विकेट झटका था जिससे उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

जिम्बाब्वे ने दो ओवर के अंदर सात रन पर दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन उनके कप्तान इरविन ने सूत्रधार की भूमिका अदा की। इरविन ने सीन विलियम्स के साथ 39 गेंद में 35 रन की भागीदारी निभाई और फिर रजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 गेंद में 64 रन की साझेदारी से स्कॉटलैंड की उम्मीद तोड़ दी। इससे पहले स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जार्ज मुंशी ने 51 गेंद में 54 रन बनाए जिसमें सात चौके शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में कोविड-19 का पहला मामला

मुंबई। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के दौरान जर्मनी की मुख्य कोच फ्रेडरिक क्रोम्प शुक्रवार को कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाई गई। इस विश्व कप में यह कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खिताब की दावेदार ब्राजील के खिलाफ जर्मनी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से कुछ घंटे पहले जांच में क्रोम्प के संक्रमण की पुष्टि हुई। वह क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान टीम के डग-आउट में नहीं बैठेंगी और उनकी जगह मेलानी बेहरिंगर मुख्य कोच, जबकि जूलिया सिमिक सहायक कोच की भूमिका निभाएंगी। क्रोम्प ने स्थानीय आयोजन समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने नई स्थिति को जल्द ही स्वीकार कर लिया। मुझे टीम की खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। मैं अपनी ओर से मेलानी बेहरिंगर और दूसरे कोच तथा खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करुंगी।'

गोल्फ : वीर अहलावत ने एक शॉट की बढ़त बनाई

पुणे। वीर अहलावत ने पुणे ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पांच अंडर 61 का स्कोर बनाकर एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। इस पीजीटीआई टूर्नामेंट के तीसरे दौर में वह डबल बोगी करने के बाद तालिका में शीर्ष पहुंचने में सफल रही। दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर रहे दिल्ली के कपिल कुमार ने यहां के पूना गोल्फ कोर्स में तीन अंडर 63 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अजितेश संधू श्रीलंका के एन थंगराजा के साथ कुल 13-अंडर 185 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रहे है। नोएडा के राशिद खान ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नौ अंडर 57 बनाया। उन्होंने इस प्रदर्शन के बाद 32 पायदान की छलांग लगाते हुए दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

फ्रीस्टाइल पहलवान अमन पुरुष 57 किग्रा फाइनल में

पोंटेवेदरा (स्पेन)। पहलवान अमन ने शुक्रवार को यहां अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल के फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए कम से एक रजत पदक पक्का कर दिया। अमन एकमात्र भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान हैं जिन्हें टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए वीजा मिला है। उन्होंने किर्गिस्तान के बेकजात अलमाज ऊलु को 10-5 से हराकर खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। अब फाइनल में तुर्की के अहमत दुमान से भिड़ेंगे। अमन ने पहले दौर में श्रीलंका के हंसाना मदुशनाका रोड्रिगो गानेगोडाजे को हराने के बाद क्वार्टर फाइनल में जापान के तोशिया अबे को हराया था। इससे पहले टूर्नामेंट में भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने चैंपियनशिप में तीन पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

मेलबर्न: अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टीम के अन्य खिलाड़ी।

शाहीन का सामना करने के लिए रोहित ने किया अतिरिक्त अभ्यास

मेलबर्न (भाषा)। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शाहीन शाह अफरीदी की रफ्तार और स्विंग का सामना करने के लिये नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया। शाहीन के खिलाफ किसी तरह का गलत शॉट खेलने से बचने के लिए उन्होंने हर तरह के शॉट्स का अभ्यास किया।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का मैदान दूसरे स्टेडियमों से अलग है जिसमें नेट्स का 'टॉप एंगल' ही देखने को मिलता है और ऐसा लगता है कि खिलाड़ी किसी बड़े से कुए में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए शुक्रवार को वैकल्पिक नेट सत्र था और करीब 30 दर्शकों की मौजूदगी में भारतीय कप्तान अभ्यास के लिए उतरे। उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया।

अपना अभ्यास पूरा होने के बाद रोहित ने कार्तिक और अक्षर पटेल को बल्लेबाजी करते देखा। इस बीच वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात करते रहे। कुछ देर के ब्रेक के बाद रोहित फिर नेट्स पर लौटे और श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना किया। क्रिकेट अनिश्चिताओं का खेल है और कुछ कहा नहीं जा सकता कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच किस दिशा में जाएगा लेकिन यह बात तो तय है कि शाहीन शाह का सामना करने के लिए रोहित कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

पाक बल्लेबाज मसूद को सिर में चोट लगी

मेलबर्न (भाषा)। पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शान मसूद को मेलबर्न क्रिकेट मैदान में नेट सत्र के दौरान शुक्रवार को यहां सिर में चोट लगने के बाद स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति को सामान्य बताया गया। पाकिस्तान की टीम रविवार को भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में अपने अभियान को शुरू करेगी। मसूद के 'सीटी स्कैन' में चोट के सामान्य होने की पुष्टि हुई। उनके सिर पर हालांकि सूजन और खरोंच है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से बताया गया कि मसूद का 'न्यूरोलॉजिकल ऑब्जर्वेशन' सामान्य है। पीसीबी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, 'सीटी स्कैन से पता चला कि जहां उसे चोट लगी थी वहां चोट का निशान है लेकिन किसी और तरह की परेशानी नहीं है। शनिवार को इस बल्लेबाज का एक बार फिर से परीक्षण किया जाएगा।' मसूद को यह चोट मोहम्मद नवाज के बल्ले से लगे शॉट के चूकने से लगी। मसूद नेट में बल्लेबाजी अभ्यास करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहना था।

नवाज ने अभ्यास के दौरान स्पिनर के खिलाफ एक ऊंचा शॉट मारा और गेंद इस 33 साल के खिलाड़ी के सिर की दाईं ओर पर जा लगी। वह दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े। टीम के डॉक्टर ने वहां उनका इलाज किया। मसूद ने इस साल सितम्बर में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था। वह सीरीज के सभी सातों मैच में खेले थे।

बैक-अप विकेटकीपर के बजाय ग्रीन का चयन जोखिम भरा : फिंच

सिडनी (भाषा)। कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को कहा कि टी-20 विश्व कप अभियान के लिए बैक-अप विकेटकीपर के बजाय ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का चयन कर पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया ने जोखिम लिया है। ग्रीन को बृहस्पतिवार को चोटिल रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस की जगह आस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में शामिल किया गया।

फिंच ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमने जोखिम लिया है कि अतिरिक्त विकेटकीपर को नहीं लिया जिसमें निश्चित रूप से थोड़ा जोखिम शामिल है लेकिन हमें लगता है कि हालांकि कैम (ग्रीन) हमें टीम में थोड़ा बेहतर संतुलन देगा।' उन्होंने हालांकि कहा कि ग्रीन को बतौर 'कवर' रखा गया है और वह शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में नहीं खेलेंगे।

इस फैसले के पीछे कारणों के बारे में पूछने पर फिंच ने कहा, 'हमने कुछ आंकड़ें देखे और मुझे लगता है कि टी-20 क्रिकेट में बीते समय में 0.5 प्रतिशत ही ऐसा मौका आया है जब विकेटकीपर मैच के दिन बाहर हुआ है।' उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि हालांकि अगर मैच से पहले कुछ होता है और इससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है जैसे ट्रेनिंग के दौरान तो तब भी इससे निपटने के लिए काफी समय रहेगा। इसके पीछे यही कारण था।'

फिंच ने कहा, 'यह निश्चित रूप से जोखिम है, इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन हम एक तेज गेंदबाज, बल्लेबाज और एक ऑलराउंडर का कवर करने की तुलना में शायद इस जोखिम को लेने के लिए तैयार हैं।' फिंच ने यह भी कहा कि अगर मैथ्यू वेड चोटिल हो जाते हैं तो डेविड वॉर्नर के विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद डेवी वॉर्नर। उसने कल थोड़ा अभ्यास किया था। शायद मैं भी ऐसा कर सकता। शायद कप्तानी करना और विकेटकीपर करना थोड़ा मुश्किल होता है, जब आपने ऐसा पहले नहीं किया हो।' बतौर सलामी बल्लेबाज फिंच को पिछले कुछ समय से बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ थोड़ा जूझना पड़ रहा है और उन्होंने स्वीकार किया कि शनिवार को ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ यह दिलचस्प मुकाबला होगा।

उन्होंने कहा, 'ट्रेंट अविश्वसनीय गेंदबाज है। उसे अब 10 या 12 साल हो चुके हैं। जब आप पारी का आगाज करते हो तो आपको अंततः किसी की गेंद पर आउट होना होता है। वह मुझे आउट कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं।'

फीफी महिला अंडर-17 विश्व कप

नाईजीरिया ने अमेरिका को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई

नवी मुंबई (भाषा)। नाईजीरिया शुक्रवार को यहां अमेरिका को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाला अफ्रीका का दूसरा देश बन गया। दोनों टीमें डी वाई पाटिल स्टेडियम में हुए क्वार्टर फाइनल मैच में नियमित समय में 1-1 की बराबरी पर थीं जिसमें खराब मौसम के कारण दो घंटे तक विलंब हुआ। मैच शाम साढे चार बजे शुरू होना था लेकिन यह छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हुआ।

नियमित समय में नाईजीरिया के ओमामुजो इडाफे ने 27वें मिनट में और अमेरिका के अमालिया विलारियाल ने 40वें मिनट में गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में एडिडियोंग इतिम, इडेट ओफियोंग, मिराकल उसानी और ओमामुजो इडाफे ने गोल दागे जबकि फोलोरूंशो चूक गए। अमेरिका के लिए इमेरी एडम्स, टेलर सुआरेज और मिया भूटा ने गोल किया जबकि एमरी और जैकसन चूक गए। घाना एकमात्र अफ्रीकी देश है जिसने 2012 में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर

ओडेन्से (भाषा)। सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष बैडमिंटन जोड़ी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां आरोन चिया और वूई यिक सोह की चौथी वरीयता प्राप्त मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने दोनों गेम में कड़ा संघर्ष किया लेकिन मलयेशिया की जोड़ी के खिलाफ 16-21, 19-21 से हार टाल ना सके।

इससे पहले लक्ष्य सेन ने हमवतन एचएस प्रणय को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-9, 21-18 से हराया। अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। इस मैच से पहले प्रणय और सेन का एक दूसरे के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 2-2 का था लेकिन सेन ने इस मैच की शुरुआत से ही प्रणय को दबाव में ला दिया।

डेनमार्क ओपन

दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 5-1 से बढ़त बना ली जो जल्दी ही 11-3 की हो गई। पहला गेम सेन ने आसानी से जीता। दूसरे गेम में प्रणय ने वापसी की कोशिश की लेकिन ब्रेक के बाद सेन ने उनकी हर कोशिश को नाकाम करते हुए जीत दर्ज की।

माया और लक्ष्मी के बीच होगा अंडर-16 टेनिस का फाइनल

नई दिल्ली (भाषा)। माया राजेश रेवती और लक्ष्मी सिरी दांडू अपने सेमीफाइनल जीतने के बाद फेनेस्टार ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के बालिका अंडर-16 फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी। सेमीफाइनल में माया ने महिका खन्ना को 6-4, 6-4 जबकि लक्ष्मी ने सौम्या रौंधे को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। बालकों के अंडर-16 सेमीफाइनल में ह्रितेश चव्हाण ने महालिंगम के को 7-5, 6-4 से और अर्जुन राठी ने देवाशीष साहू को 1-6, 7-5, 6-2 से हराया।

जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रहा भारत

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय टीम स्पेन के सेंटेंडर में चल रही विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में शुक्रवार को यहां जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रही। समरवीर और राधिका शर्मा की मिश्रित युगल जोड़ी ने 13वें से 16वें स्थान के मुकाबले में भारत के अभियान की शुरुआत करते हुए जर्मनी के यार्न श्लेवोट और यूलिया मेयर को 21-18, 21-16 से हराकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

विश्व जूनियर मिश्रित बैडमिंटन

पुरुष एकल में भरत राघव ने जर्मनी के संजीवी पद्मनाभन वासुदेव को 14-21, 21-17, 21-8 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। अर्श मोहम्मद और अभिनव ठाकुर की जोड़ी को हालांकि जोनाथन ड्रेस्प और सिमोन क्राक्स के खिलाफ 14-21, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा ओपन विजेता उन्नति हुड्डा ने इसके बाद जर्मनी की सेलिन हुबश को 21-8, 21-6 से हराकर भारत को 3-1 की विजयी बढ़त दिला दी। उन्होंने इसके बाद श्रीनिधी नारायण के साथ मिलकर महिला युगल मुकाबले में जूलिया मेयर और कारा साइब्रेट को 21-13, 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले बृहस्पतिवार को मलयेशिया ने भारत को 3-1 से हरा दिया। जूनियर विश्व नंबर तीन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय भारत के लिए जीत दर्ज करने वाली एकमात्र खिलाड़ी थी। पुरुष एकल में आयुष शेट्टी को जस्टिन ह्वेह ने 6-21, 21-12, 21-19 से मात दी। अनुपमा ने महिला एकल में सिति नूरशुहेइनी को 21-14, 21-15 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई।

आशुतोष के शतक से जेमिनी क्लब जीता

नई दिल्ली (एसएनबी)। आशुतोष अग्रवाल के शानदार शतक (128 रन ना.), लक्ष्य टंडन 56 और अपूर्वा जैन 4/49 के शानदार गेंदबाजी से जेमिनी क्लब ने डीडीसीए लीग के उद्घाटन मुकाबले में एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर को रोशनारा क्लब मैदान में खेले गए मैच में आठ विकेट से पराजित कर दिया। **संक्षिप्त स्कोर :** एलबी शास्त्री कोचिंग सेंटर : 40 ओवर में 209/6 (मोहित सैनी 84 रन, रुपेश 35 रन, अपूर्वा जैन 4/49)। जेमिनी क्लब : 23.5 ओवर में 211/2 (आशुतोष अग्रवाल 128 ना., लक्ष्य 56, विक्की सूद 1/11)। लीग का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोहन जेटली (अध्यक्ष डीडीसीए) ने किया। इस मौके पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मदनलाल, रंजन मनचंदा (संयुक्त सचिव), सिद्धार्थ वर्मा (सचिव) और डीडीसीए के शीर्ष पदाधिकारी मौजूद थे।

गौरव मेहरा ने झटके 5 विकेट

गौरव मेहरा की घातक गेंदबाजी (5/13 व 25 रन) और हिमांशु गौयल 26 रन की मदद से सेंट लॉरेंस अकादमी ने दूसरे एनसीआर ओपन क्रिकेट चैंपियनशिप में एनडीसीसी क्लब को 14 रन से हरा दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - सेंट लॉरेंस अकादमी : 34 ओवर में 123/10 (हिमांशु गोयल 26 रन, गौरव मेहरा 25 रन, कुनाल शर्मा 3/28)। एनडीसीसी : 25 ओवर में 109/10 (मनोज सिंधु 40 रन, गौरव मेहरा 5/13)।

प्रिंस मेहरा चमके

एक अन्य मैच में दिल्ली अंडर-23 खिलाड़ी प्रिंस मेहरा (48 रन, 2/15), सिद्धांत डोगरा 60 रन और शाहबुद्दीन खान 3/38 की मदद से दिल्ली स्टार्स अकादमी ने स्कॉलर्स अकादमी को चार विकेट से हरा दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - स्कॉलर्स अकादमी : 40 ओवर में 233/9 (प्रदीप 116 रन, शाहबुद्दीन 3/38, प्रिंस मेहरा 2/15)। दिल्ली स्टार्स अकादमी : 35 ओवर में 237/6 (सिद्धांत डोगरा 60, प्रिंस मेहरा 48, हरि हर 2/38)।

उदय चावला का शतक

उदय चावला (109) के शतक,अभिषेक चहल 53 रन और आयुष ढिल्लों 3/36 के शानदार खेल से रोहतक रोड जिमखाना क्लब ने छठे अशोक गोयल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट कप में द्रोणाचार्य शेपियर अकादमी को आठ विकेट से पराजित कर दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - द्रोणाचार्य शेपियर अकादमी : 50 ओवर में 196/8 (रूपक अग्रवाल 46, आयुष ढिल्लो 3/36)। रोहतक रोड जिमखाना क्लब : 26.1 ओवर में 197/2 (उदय चावला 109 रन, अभिषेक चहल 53, यथार्थ मल्होत्रा 2/32)।

शुभम और नैथानी ने दिलाई जीत

मैन ऑफ द मैच शुभम सैनी (3/41), निखिल नैथानी 72 रन के शानदार खेल की बौदलत एम 10 क्रिकेट अकादमी ने रहे 18वें राधिका कप मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में डीडीए को 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पराजित टीम की ओर से सास्वत कोहली ने 70 रन नाबाद और विमन्यु कुमार ने 99 रन की पारी खेली। **संक्षिप्त स्कोर** - (डीडीए : 40 ओवर में 258/5, एम 10 क्रिकेट अकादमी : 39 ओवर 261/4)।

मुरैना में हुए विस्फोट के बाद प्रशासन ने पटाखा फैक्टरियों पर दी दबिश

लापरवाह बीट प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

मुरैना, (आरएनएन)। जिले के बानमोर में गुरुवार को एक मकान में अवैध रूप से भंडारित पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत के बाद प्रथम दृष्टया बीट प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मियों को दोषी मानकर निलंबित कर दिया है। घटना को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री के सख्त तेवरों के बाद जिले भर में पुलिस एवं प्रशासन हरकत में आ गया है और रिहायशी बस्तियों एवं घरों में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा। इसी क्रम में सिविल लाइन थाना पुलिस, कैलारस थाना पुलिस और जौरा थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह दबिश देकर लाखों की आतिशबाजी पकड़ी है साथ ही संचालकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने सिलायथा गांव में एक पटाखा फैक्टरी पकड़ी है। मौके से जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसका नाम आसिम खान है तथा वह लंबे समय से पटाखों का कारोबार कर रहा था। उसने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच सालों से अवैध रुप से पटाखे बनाता आ रहा है। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग ढाई हजार पटाखे बरामद किए हैं। इस मौके पर पुलिस ने पटाखा फैक्टरी से ढाई हजार पटाखे बरामद किए हैं। इसी के साथ पुलिस ने मौके से पांच किलो बारुद भी बरामद किया है। वहीं कैलारस पुलिस एवं प्रशासन ने गड्ढा मोहल्ला, अशोक गली, चौड़ा खरंजा क्षेत्र में देशी पटाखे बनाने वालों के यहां छापामार कार्यवाही कर वहां से अल्प मात्रा में मिली फटाखा बनाने की सामग्री को पानी डालकर नष्ट किया।

इधर जौरा पुलिस ने वार्ड क्रमांक-6 बनिया पाड़ा में मुकेश गोयल के घर पर छापा मारकर अवैध पटाखों का भंडार पकड़ा। पटाखों सहित पकड़े गए मुकेश गोयल को थाने ले जाया गया। थाना प्रभारी कुशवाह ने बताया कि मुकेश गोयल के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत मामला कायम किया जा रहा है। दूसरी कारवाई सुभाष रोड पर स्थित महेश जैन के मकान पर की गई। यहां भी अवैध पटाखों का भंडार मिला, जिन्हें भी जब्त कर थाने लाया गया। अवैध पटाखों की कीमत लगभग 2 से ढाई लाख के बीच आंकी गई है।

प्रभारी मंत्री ने मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया

मुरैना। बानमौर कस्बे में गुरुवार को बारूद ब्लास्ट से चार लोगों की मृत्यु हुई है। घायल 6 लोगों का इलाज ग्वालियर एवं मुरैना में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह शुक्रवार को प्रातः 9 बजे पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे, उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और कहा कि बारूद ब्लास्ट में जो भी व्यक्ति जांच में दोषी पाया जायेगा, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाही की जाएगी।

बड़वानी और खरगोन जिले में एक करोड़ के गांजे के पौधे जब्त

कपास, तुवर और अरंडी के पौधों की आड़ में गांजे की खेती

भोपाल ■

बड़वानी और खरगोन जिलों में कपास, तुवर और अरंडी की फसलों के बीच उगाए गए एक करोड़ से अधिक मूल्य के गांजे के पौधे जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

बड़वानी के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने शुक्रवार शाम को बताया कि सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र के बोरली तथा कालापाट ग्रामों के महाराष्ट्र सीमा से लगे पांच खेतों में दबिश देकर 57 लाख रुपए मूल्य के 567 किलोग्राम गांजे के पौधे जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि कालापाट के नान सिंह और बेचान को गिरफ्तार किया गया है, जबकि विक्रम फरार होने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में खेती कराने के पीछे किसी संगठित गिरोह का तो हाथ नहीं है। सेंधवा ग्रामीण थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इसी तरह खरगोन के पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह यादव ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के झुमकी और रायलबेड़ा के खेतों में दबिश देकर 45 लाख रुपए मूल्य के साढ़े चार क्विंटल गांजे के पौधे जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि झुमकी के हीरालाल रावत और रायल बेड़ा के रेम सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

नशामुक्ति अभियान के तहत सात हजार लीटर अवैध शराब जब्त

भोपाल। प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिये सरकार निरंतर नशामुक्ति अभियान चला रही है। अभियान में शुक्रवार को लगभग 7 हजार लीटर अवैध शराब जब्त की गई। नशामुक्ति के लिये प्रदेश में अब तक 11 हजार 384 जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर किये जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार अभियान में शुक्रवार तक एनडीपीएस एक्ट में 1048 प्रकरण दर्ज कर 1111 आरोपियों से 4966.973 ग्राम मादक पदार्थ की जब्ती की गई है। अब तक 16 हजार 193 प्रकरण में 16 हजार 536 आरोपियों से एक लाख 21 हजार 822 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामले में 4867 प्रकरण दर्ज कर 5164 लोगों को आरोपी बनाया गया है। अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2212 आरोपी बनाये गए है। इनके विरूद्ध 2204 प्रकरण दर्ज किये गए हैं। धूम्रपान निषेध कानून में 5740 प्रकरण दर्ज कर 6359 लोग आरोपी बनाये गए है। नशामुक्ति अभियान में अब तक अवैध मादक पदार्थों के सेवन के संदिग्ध 19 हजार 952 और अवैध शराब पीने-पिलाने वाले संदिग्ध 29 हजार 947 स्थानो की सघन जांच की गई है।

सीनियर छात्रों ने मारपीट कर गंदे पानी के गड्ढे में बनाया मुर्गा

टीकमगढ़ में 9वीं के छात्र से रैगिंग, तीन 10 दिन के लिए निष्कासित

टीकमगढ़, (आरएनएन)। सरोज कॉन्वेंट प्राइवेट स्कूल के 9वीं के छात्र से रैगिंग का मामला सामने आया है। छात्र को सीनियर स्टूडेंट्स ने बुरी तरह पीटा। इसके बाद गंदे पानी से भरे गड्ढे में उसे मुर्गा बना दिया। सीनियर स्टूडेंट्स ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट का वीडियो सामने आया है। रैगिंग की घटना से डरे छात्र ने स्कूल जाना तक बंद कर दिया।

पीड़ित छात्र ने बताया कि करीब एक माह पहले सीनियर छात्र ने क्लास में रैगिंग ली थी। इसकी शिकायत स्कूल टीचर से की थी। फिर 13 अक्टूबर को सीनियर्स के साथ उनके अन्य दोस्त मुझे सिविल लाइन रोड से जबरन उठाकर ले गए। पीड़ित छात्र ने कोतवाली थाना प्रभारी के नाम लिखे आवेदन में बताया था कि 13 अक्टूबर को वह पुलिस लाइन रोड 10वीं और 11वीं क्लास के सीनियर्स जबरन उसे बाइक पर

बैठाकर ले गए। एक सुनसान जगह ले जाकर बुरी तरह पीटा। इसके बाद वहीं पर गंदे पानी में उसे मुर्गा बनाया। बेहोशी की हालत में उसे छोड़कर भाग गए। स्कूल प्राचार्य दिनेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित छात्र की शिकायत पर 10वीं क्लास के एक स्टूडेंट और 11वीं क्लास के 2 स्टूडेंट को 10 दिन के लिए स्कूल से निष्कासित किया गया है।

पीथमपुर में एटीएम लूटने आए बदमाश ने की गार्ड की हत्या

गुस्साए लोगों ने शव को रखकर लगाया जाम

इंदौर, (आरएनएन)। पीथमपुर इलाके में महू-नीमच मार्ग पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के लूटने आए एक बदमाश ने एक गार्ड की हत्या कर दी। हत्या की जानकारी जब बैंक मेनेजर चयन रूनीवाल को मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस को इस बात की सूचना की दी उनकी बैंक में एटीएम को लूटने की साजिश की गई वहीं गार्ड की हत्या कर दी है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार गार्ड का नाम गजराज सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि गार्ड को पहले पीछे से वार कर गंभीर तरह से घायल किया गया फिर बाद में गला घोंट कर उसे मार दिया गया। जानकारी मिली है कि आरोपी जब एटीएम लूटने के लिए आया था, तब वह अपने साथ कटर मशीन भी लेकर आया था। इसकी मदद से ही वह एटीएम को तोड़कर उसे नगद पैसा निकालना चाहता था। मामले की जाँच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया। हालाँकि यह बात सामने आयी है कि आरोपी ने मुँह पर कपड़ा बाँध रखा था। वहीं बैंक मैनेजर की शिकायत पर पुलिस थाने में दर्ज किया गया है।

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष खड़गे से मिले सीएम भूपेश बघेल

नई दिल्ली, (ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री के शॉल पहनाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने सिल्क पर सवाल किया, जिस पर स्थानीय सिल्क का इस्तेमाल होने की बात कही।

टीकमगढ़ के जिला पंचायत सीईओ निलंबित, कमिश्नर ने भेजा प्रस्ताव

टीकमगढ़। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला पंचायत सीईओ को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। उनके आदेश पर सागर कमिश्नर द्वारा उनके निलंबन का प्रस्ताव बनाकर ग्रामीण विकास विभाग को भेजा है। विदित हो कि जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ मनरेगा में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने भी उनकी शिकायत सीएम से करने के साथ ही दिल्ली मंत्रालय में की थी। वहीं मंगलवार सुबह समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सागर कमिश्नर शुक्ला ने जिला पंचायत सीईओ की शिकायतों पर उन्हें टीकमगढ़ से हटा देने की जानकारी दी। इस पर सीएम चौहान ने कहा कि हटाने से क्या होता है, इन्हें निलंबित किया जाए।

देश-विदेश

टेक्सास ने गूगल पर मुकदमा किया

ह्यूस्टन, (एजेंसी)। अमेरिका के टेक्सास राज्य के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने गूगल पर अपने व्यावसायिक हितों के लिए टेक्सास के लाखों नागरिकों का बायोमेट्रिक डाटा अनधिकृत रूप से एकत्रित करने और उसका उपयोग करने को लेकर मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि गूगल ने टेक्सास की अनुमति के बिना गूगल फोटोज, गूगल असिस्टेंट और नेस्ट हब मैक्स जैसे अपने उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वॉयसप्रिंट और फेस ज्योमेट्री सहित लाखों बायोमेट्रिक डेटा एकत्रित किया है। गूगल द्वारा अपने व्यावसायिक हितों के लिए टेक्सस के लोगो की निजी जानकारी का उपयोग करना राज्य का अधिकार और बायोमेट्रिक पहचानकर्ता अधिनियम का उल्लंघन है।

डोनोहो को एयर इंडिया ने सुरक्षा कार्यों का प्रमुख

नई दिल्ली, (एजेंसी)। टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने सुरक्षा और गुणवत्ता कार्यों को मजबूत करने के लिए हेनरी डोनोहो को नियुक्त किया है। एयर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि श्री डोनोहो सुरक्षा और गुणवत्ता कार्यो के प्रमुख के तौर पर सात नवंबर को कार्यभार संभालेंगे। आयरिश नागरिक, श्री डोनोहो ने करियर की शुरुआत वर्ष 1978 में एर लिंगस से शुरू की थी जिसमें वह सुरक्षा, गुणवत्ता, उड़ान संचालन और इंजीनियरिंग सहित प्रमुख विभागों में जाने से पहले इसके मुख्य पायलट बने थे। श्री डोनोहो अमीरात एयरलाइन के साथ विभिन्न सुरक्षा भूमिकाओं में सात साल कार्य कर चुके हैं जिसमें वह डिवीजनल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट फ्लाइट ऑपरेशंस और प्राइमरी क्राइसिस डायरेक्टर के पद पर थे।

एम-4 बख्तरबंद वाहन खरीदने की तैयारी में सेना

गांधीनगर, (एजेंसी)। सेना ने कल्याणी समूह की पुणे स्थित डिफेंस कंपनी भारत फोर्ज को और अधिक एम-4 बख्तरबंद वाहनों का ऑर्डर दिया है। सूत्रों ने कहा कि इनमें से कुछ वाहनों को अब इजरायली स्पाइक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) से लैस किया जा रहा है। इसकी जरूरत इसलिए भी महसूस की गई क्योंकि चीन ने पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बख्तरबंद तैनात कर रखे हैं। सूत्रों ने बताया कि कल्याणी समूह पहले ही करीब 60 वाहन सेना को मुहैया करा चुका है। इसमें 30 वाहनों का एक बैच शामिल है जिसे यूएन शांति सेना को उपलब्ध कराया गया है। पिछले साल फरवरी में ऐसे 30 से कम वाहनों के लिए ही शुरुआती ऑर्डर दिया गया था, लेकिन जल्द ही और वाहन उपलब्ध कराने का ऑर्डर दिया गया।

एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से पाक बाहर

भारत खफा ,पाक को इसी के चलते मुंबई हमले के आतंकियों के खिलाफ लेना पड़ा एक्शन

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे (संदिग्ध) लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिएक्शन दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि हमने एफएटीएफ की बैठक में पाकिस्तान के संदर्भ में लिए गए फैसलों को देखा है। हम समझते हैं कि पाकिस्तान एशिया प्रशांत समूह के साथ मिलकर मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ अपनी व्यवस्था को मजबूत बनाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एफएटीएफ की कार्रवाई का दबाव था कि पाकिस्तान को कुख्यात आतंकियों के खिलाफ कुछ कदम उठाने पड़े। इसमें वह मुंबई हमले में शामिल रहे आतंकी भी हैं। यह वैश्विक हित में है और दुनिया को भी स्पष्ट रहे कि पाकिस्तान का अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों से निकलने वाले आतंकवाद खिलाफ ठोस व कारगर कार्यवाही करना जरूरी है।

4 साल पहले ग्रे लिस्ट में डाला गया था पाकिस्तान- एफएटीएफ आतंकवादी वित्त पोषण और धन शोधन पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था है। पाकिस्तान को लगभग चार साल पहले ब्लैक की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। वहीं, एफएटीएफ ने म्यांमार को पहली बार अपनी ब्लैक लिस्ट में शामिल किया है। ब्लैक लिस्ट में उच्च जोखिम वाले उन क्षेत्रों को रखा जाता है, जहां कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

इसलिए ग्रे लिस्ट से पाकिस्तान को हटाया- एफएटीएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि वह धन शोधन और आतंकवादी वित्त पोषण से निपटने के तंत्र में सुधार की दिशा में पाकिस्तान द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत करता है। एफएटीएफ ने 20-21 अक्टूबर को पेरिस में हुई अपनी पूर्ण बैठक में पाकिस्तान को ग्रे सूची से हटाने का फैसला लिया।

कार्य योजना में थे 34 प्वॉइंट

एफएटीएफ ने कहा कि पाकिस्तान ने धन शोधन और आतंकवादी वित्त पोषण से निपटने के अपने तंत्र को अधिक प्रभावी बनाया है और रणनीतिक कमियों के संबंध में अपनी कार्य योजनाओं की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उन तकनीकी कमियों को दूर किया है, जिनका जिक्र एफएटीएफ ने जून 2018 और जून 2021 में किया था। उसने संबंधित प्रतिबद्धताओं को तय समयसीमा से पहले पूरा किया है, जिसमें कुल 34 कार्य बिंदु शामिल थे।

निगरानी प्रक्रिया के अधीन नहीं अब पाक

एफएटीएफ ने कहा कि इसलिए पाकिस्तान अब एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी प्रक्रिया के अधीन नहीं है। पाकिस्तान धन शोधन और आतंकवादी वित्त पोषण से निपटने के अपने तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए एपीजी के साथ काम करना जारी रखेगा। ग्रे लिस्ट से बाहर होने के बाद पाकिस्तान अपनी लड़खड़ाई अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और यूरोपीय संघ (ईयू) से वित्तीय मदद हासिल करने की कोशिश कर सकता है।

अग्नि प्राइम-एनजी टेस्ट में सफल

भुवनेश्वर, (एजेंसी)। भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के तट से अग्नि प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अग्नि प्राइम मिसाइल अग्नि श्रेणी की मिसाइलों का एक नई पीढ़ी का उन्नत संस्करण है। इसकी मारक क्षमता 1,000 से 2,000 किमी के बीच है। टेस्ट के बाद रक्षा अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण के दौरा मिसाइल ने अधिकतम रेंज हासिल की है। इसके साथ ही सभी टेस्ट में सफल रही है। परीक्षण बंगाल की खाड़ी में लक्ष्य पर पूरी सटीकता के साथ निशाना साधते हुए सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। बता दें कि इससे पहले 14 अक्टूबर को भारत की रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत ने शुक्रवार को बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया।

अग्नि प्राइम मिसाइल की 2 हजार किमी तक रेंज: अग्नि प्राइम मिसाइल के बारे में बात करते हुए रक्षा अधिकारी ने कहा कि इसमें 1000 से 2000 किमी तक लक्ष्य को भेदने क्षमता है। यह मिसाइल एमआईआरवी तकनीक से लैस है। डबल स्टेज और सॉलिड फ्यूल पर आधारित अग्नि प्राइम मिसाइल को एडवांस रिंग लेजर गैरोंस्कोप पर आधारित नेविगेशन सिस्टम द्वारा निर्देशित किया जाता है। इसका गाइडेड सिस्टम इलेक्ट्रो मैकेनिकल एक्यूटर से पूरी तरह से लैस है।

नफरती भाषण के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करें: कोर्ट

तत्काल मामले दर्ज हों

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश में नफरत भरे भाषणों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जाहिर की. साथ ही सरकारों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे औपचारिक शिकायत दर्ज किए बिना ऐसे मामलों में स्वत: कार्रवाई करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई करने की जरूरत है।

कोर्ट ने देश में नफरत भरे भाषणों की घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस तरह के बयान परेशान करने वाले हैं, खासकर ऐसे देश के लिए जो लोकतांत्रिक और धर्म-तटस्थ हैं। सुप्रीम कोर्ट भारत में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने और आतंकित करने के कथित बढ़ते खतरे को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा थी। याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने देश भर में घृणा अपराधों और नफरत भरे भाषणों की घटनाओं की स्वतंत्र,

विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच शुरू करने के लिए केंद्र और राज्यों से निर्देश की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अपनी याचिका में, अब्दुल्ला को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और अन्य कड़े प्रावधानों को भी लागू करना चाहिए ताकि घृणा अपराधों और घृणास्पद भाषणों पर लगाम लगाई जा सके।

अदालत ने दिल्ली, उत्तर प्रेदश और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे अपने अधिकार क्षेत्र में ऐसे अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि कार्रवाई करने में विफल रहने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना होगी।

ओयो में हिडन कैमरे से कपल्स का वीडियो बनाया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पुलिस ने हिडन कैमरे से कपल्स के वीडियो बना कर उनको ब्लैकमेल करने वाले गैंग को पकड़ा है। ये लोग ओयो के होटल में अलग-अगल हिडन कैमरे लगाते थे। होटल में रुकने वाले कपल की पूरी हरकत रिकॉर्ड कर लेते थे। इसके बाद उनको ब्लैकमेल कर रुपए मांगते थे। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। इतना ही नहीं आरोपियों ने पास से कई अश्लील वीडियो मिले हैं। बकायदा इन लोगों ने इसके एक कॉल सेंटर बनाया हुआ था। एडीसीपी साद मिया खान ने बताया कि विष्णु सिंह निवासी गढ़ी चौखंडी, अब्दुल वहाव निवासी खोंड़ा को अरेस्ट किया है।

ब्लैकमेलर गैंग दबोचा

इन दोनों ने हाल ही में ओयो होटल में एक कपल की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का काम किया। जबकि इनका तीसरा साथी पंकज कुमार निवासी नोएडा को पकड़ा है। जो नौकरी दिलाने के बहाने बैंक अकाउंट खुलवाकर सिम एक्टिवेट कराकर अवैध धंधों में लिप्त लोगों को सिम, अकाउंट उपलब्ध कराता था। इसके अलावा अनुराग कुमार निवासी विजय नगर गाजियाबाद ये अनऑथराइज कालसेंटर चलाकर आईफोन को ओएलएक्स के माध्यम से अपनी दुबई की कंपनी बताकर सस्ते दामों पर बेचने का झांसा देता था। एडीसीपी के मुताबिक विष्णु और वहाव दोनों थाना फेस-3 के एक ओयो होटल में कुछ दिन पहले रुके। वहां उन्होंने होल्डर कैमरे सेट किए। वहां से चले गए। इसके कुछ दिन बाद वहां एक कपल आया। उन्होंने कपल का वीडियो बनाए।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य करार दिया

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाक निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य करार दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के सांसदों ने अगस्त में खान के खिलाफ पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) में शिकायत दी थी।

इस शिकायत में तोशखाना (देश का भंडार गृह) से रियायती मूल्य पर खरीदे गए उपहारों की बिक्री से हुई आय का खुलासा न करने को लेकर खान को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय पीठ ने इस्लामाबाद स्थित ईसीपी सचिवालय में खान के खिलाफ फैसला सुनाया। इसके तुरंत बाद इस्लामाबाद चुनाव आयोग के मुख्यालय के बाहर फायरिंग की घटना हुई।

इमरान की अयोग्यता के बाद पूरे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन: पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना संदर्भ से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद, पीटीआई कार्यकर्ता पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा जारी किए गए फैसले के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए देश भर में सड़कों पर उतर आए।

सूत्रों के अनुसार, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जिला प्रशासन ने इस्लामाबाद की ओर जाने वाली तीन प्रमुख रास्तों को अवरुद्ध कर दिया है। एक बड़े फैसले में, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान को अयोग्य घोषित कर दिया, उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में अपने समय के दौरान तोशखाना उपहारों और उनकी बिक्री से आय का विवरण साझा नहीं करने का दोषी पाया। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 63 (पी) के तहत सर्वसम्मति से खान के खिलाफ फैसला सुनाया।

स्वास्थ्य केन्द्रों पर मना खुशहाल परिवार दिवस

प्रखर चंदौली। जिले में परिवार नियोजित करने के बारे में जागरूकता लाने के हर संभव प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में शुक्रवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आईएन तिवारी ने कहा कि शुक्रवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन की सभी सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध करायी गयीं।

उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन वर्ग के दंपति प्रेरित किया जाता है पहले में हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाएं होती हैं, दूसरे में नव-विवाहित दंपति और तीसरे वर्ग में योग्य दंपति को शामिल किया जाता है नवदंपति में पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन साल के अंतर व अन्य दंपति को स्वस्थ परिवार ,खुशहाल के लिए छोटा परिवार के प्रति जागरूक व परिवार नियोजन साधन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ एस के सिंह ने बताया कि इस दिवस पर महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इसका महत्व समझाया जाता है स्वस्थ परिवार के लिए दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर और दो बच्चों के बाद महिला व पुरुष का नसबंदी जैसे साधनों का प्रयोग कर स्वस्थ व खुशहाल परिवार बन सकते हैं गर्भावस्था, प्रसव पूर्व व पश्चात स्वास्थ्य के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण होती है इस दौरान प्रसूता की देखभाल के साथ ही पौष्टिक आहार व साफझसफाई पर भी ध्यान देने के लिए जागरूक किया जाता है यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि जिले में शुक्रवार को तिमाही गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा 424,ईजी पल्स 57, पीपीआईयूसीडी 37,छाया 643, आईयूसीडी 210,माला 919, महिला नसबंदी 5 ,कंडोम 6996 की निःशुल्क सेवाएँ उपलब्ध करायी गयीं ` परिवार नियोजन सम्बन्धी जागरूकता लाने और आयोजन में दंपति की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी इकाइयों पर प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा सभी सुविधायें उपलब्ध करायी गयीं ` ब्लॉक धानापुर की पिंकी श्रीवास्तव (26) ने बताया कि मेरा एक बच्चा है, पीएचसी पर आई परिवार नियोजन के साधन अंतरा को अपनायी, मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई ` महिला डॉक्टर द्वारा सभी जानकारी दी गई ` किसी प्रकार की दिक्कत होने पर स्वास्थ्य केंद्र आने को कहा गया ` अनीता (28) ने कहा कि मेरे दो बच्चे हैं ` अब और बच्चे नहीं चाहती थीं । इस विषय में पति से बातकर परिवार नियोजन की सुविधा अंतरा को अपनाने के लिए आई हूँ ` अस्पताल से सारी सुविधायें निःशुल्क मिली।

सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत, परिवार में पसरा मातम

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खुज्जी मोड़ के समीप बीती रात लगभग दस बजे गस्त करने जा रहे चंदवक थाने के होमगार्ड की अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई घटना की खबर मिलते ही परिवार में फसरा मातम।गौरतलब हो कि बोडसर निवासी रामजन्म राजभर पुत्र नगदु राजभर 55 वर्ष चंदवक थाने में होमगार्ड के पद पर कार्यरत था।शुक्रवार की रात ड्यूटी करने चंदवक थाने पहुंच

हस्ताक्षर कर कर्रा पर अपने साथी के साथ साइकिल से जा रहा था कि जैसे ही खुज्जी मोड़ के पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी आजमगढ़ से वाराणसी की तरफ तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ में जा रहे होमगार्ड सिवेंद्र गौड़ को हल्की चोट आई।घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक अरुण पाण्डेय मौके पर पहुंच घायल दोनो होमगार्ड को उपचार हेतु सामुदायिक केन्द्र बीरीबारी भेजा जहा डॉक्टरों ने होमगार्ड रामजन्म को मृत घोषित कर दिया साथ में ड्यूटी करने जा रहे होमगार्ड का उपचार कर घर भेज दिया गया।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है बता दे कि मृतक होमगार्ड के तीन लड़के व दो लड़कियां है।

संक्षिप्त खबरें

खजूरी वार्ड 58 में प्राचीन शीतला माता मंदिर के निर्माण का पूजन पूरे विधि विधान से खजूरी पार्षद प्रीति चौबे और मयंक चौबे के संयोजन में हुआ संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। खजूरी वार्ड 58 स्थित तिरुपति नगर के धोबियानी गली के प्राचीन शीतला माता मंदिर के निर्माण का पूजन पूरे विधि विधान से खजूरी पार्षद प्रीति चौबे और मयंक चौबे के संयोजन में संपन्न हुआ ' मंदिर का शिलान्यास पूर्व मंत्री व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के हाथों से संपन्न हुआ वरिष्ठ अधिवक्ता सरफराज खान जी ने 51 हजार और अधिवक्ता आशीष सिंह जी ने ?21 हजार मंदिर निर्माण में सहयोग किया ' मयंक चौबे ने कहा कि मंदिर निर्माण में जो भी जरूरत होगी लोगों के सहयोग से मंदिर को भव्य रूप देते हुए निर्माण कराया जाएगा ' कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, दिलीप चौबे , महानगर महासचिव मनीष चौबे, ओम प्रकाश ओझा, रमेश कनौजिया,रोहित दुबे,अनुभव राय,महेश चौबे, अंशु कनौजिया ,प्रिंस चौबे विनय राय प्रमोद सिंह , बृजेश दुबे , मोनू जी समेत क्षेत्र के सम्मानित लोग व भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

प्रखर शाहगंज जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत एक युवक को गाँजे के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान न्यायालय प्रेषित कर दिया। शनिवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के बड़ागाँव के पास उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव अपने हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे ।तभी सामने से आरहे एक युवक संदिग्ध प्रतीत हुआ तलाशी लेने पर उसके पास एक किलो एक सौ पचास ग्राम नाजायज गाँजा बरामद हुआ।कोतवाली लाकर पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अलिशाद पुत्र अंसार निवासी ग्राम बड़ागाँव थाना शाहगंज बताया।

विद्यालय का मनाया गया 63वां स्थापना दिवस

प्रखर शाहगंज जौनपुर। क्षेत्र के आजाद अशरफपुर उसरहटा स्थित मिर्जा अनवर बेग इंटर कालेज में शनिवार को विद्यालय का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर सचिव मिर्जा अजफर बेग ने विद्यालय के संस्थापक शहीद मिर्जा अनवर बेग के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता।उन्होंने जो शिक्षा की जो अलख जगाई थी हम सब मिलकर उसको आगे बढाने का काम करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व प्रबन्धक श्रीमती कहकशां खान,प्रधानाचार्य नौशाद अहमद खान,सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मो. अतहर ने किया। कार्यक्रम के अंत मे देश मे अमन शांति,विकास और उन्नति के लिए प्रार्थना की गई।

तीन दिवसीय टी.एल.एम निर्माण कार्यशाला का हुआ समापन

प्रखर मुफ्तीगंज जौनपुर। स्थानीय विकासखंड मुफ़्तीगंज के ब्लॉक संसाधन केंद्र मुर्तजाबाद पर तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय टी.एल.एम. कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया । कार्यशाला में प्रशिक्षक कमलेश खटवानी,ममता गुप्ता, जयहिंद यादव ,शिल्पी पाठक, रेखा निषाद, अबू तालिब और अरविंद कुमार द्वारा प्रतिभागियों को चार्ट, मॉडल ,बिग-बुक ,पपेट और मास्क जैसे टी.एल.एम.का निर्माण करना सिखाया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सातों न्याय पंचायत के प्रतिभागियों द्वारा टी.एल.एम प्रदर्शनी लगाई गयी जिसका मुख्य अतिथि रामदुलार यादव द्वारा अवलोकन किया गया। इस प्रशिक्षण में सौरव अस्थाना, मधुरानी, नीलम शर्मा,होशीला यादव,सुषमा,संगीता,नीरज, शैलेंद्र, राजमणि, उपमा, कीर्ति सिंह ,शशि राय, अभय सरोज समेत अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

निपुण भारत की सफलता में शिक्षको की भूमिका अहम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय थाना प्रथम पर शिक्षक संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बीईओ मुख्यालय मंगरु राम ने कहाकि मिशन निपुण की सफलता शिक्षको के कार्य कुशलता के परिणाम पर निर्भर है। शिक्षकों को इसके लिए नवाचारी शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने का प्रयास करना होगा। इस दौरान बीईओ को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह ने सम्मानित किया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जय सिंह व संचालन मायाशंकर ने किया। इस दौरान उमाकांत शर्मा, सुनील सिंह, अनिल मिश्रा, रवि मौर्य, पप्पू गिरी, अखिलेश सिंह, शब्बीर अली, मनबोध सिंह, अवधेश मौर्य समेत अनेक शिक्षक रहे।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किसानों को बाँटा निःशुल्क मिनीकिट

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के दानगंज स्थित कृषि विभाग के राजकीय बीज भंडार पर शुक्रवार को चोलापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किसानों को सरसो व मसूर के निःशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण किया। उप कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के आदेशानुसार व जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्या के दिशा निर्देशन मे कृषि विभाग द्वारा आयोजित मिनीकिट वितरण कार्यक्रम मे उपस्थित उधौरामपुर व टिसौरा के पूर्व ग्राम प्रधान जय प्रकाश सिंह व सुभाष ने भी चोलापुर के किसानों को सरसों एवं मसूर के मिनी किट का निःशुल्क वितरण किया ।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी शिवदास ने बताया कि राजकीय कृषि बीज भंडार पर गेहूँ ,चना ,सरसों व मसूर के बीज 50 फीसदी अनुदान पर उपलब्ध हैं साथ ही जिप्सम पर भी 75 फीसदी का अनुदान है। किसान तिलहनी व

दलहनी फसलों मे जिप्सम का प्रयोग करें इससे सरसों में तेल की मात्रा में वृद्धि होती है और उच्च गुणवत्ता का तेल भी प्राप्त होता है ।बीटीएम देवमणि त्रिपाठी व स्वामी शरण कुशवाहा ने किसानो को बुआई से पहले जैविक विधि से तैयार बीजामृत से बीजो का शोधन करें। इस दौरान विद्या शंकर पाण्डेय, बीज गोदाम प्रभारी श्रवण कुमार, विशाल, अनामिका सिंह, स्वाति राय, ओम प्रकाश गुप्ता, पंकज भास्कर आदि उपस्थित रहे।

रंगोली प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रखर मुफ्तीगंज जौनपुर। स्थानीय विकास खंड मुफ्तीगंज के कम्पोजिट स्कूल देवकली में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह की रंगोली का निर्माण किया। इस दौरान इशिका, आस्था माधुरी , नैंसी, रावी, आरुषि, साक्षी, अनुष्का ,नितेश, पुनीत, कृति द्वारा बनाई गई रंगोली दर्शनीय रही । इससे पूर्व प्रार्थना के समय शुक्रवार को जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पूरे जनपद में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले कक्षा 8 के छात्र अभिषेक तथा छात्रा नैंसी यादव का प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर मोहम्मद शाहिद, प्रतिभा, सविता, विनय कुमार पाल ,कविता, छाया, सुमन समेत अन्य अभिभावक और शिक्षक गण मौजूद रहे।

छात्राओं ने बनाई रंगोली, बना आकर्षण का केंद्र

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के नगर में स्थित लालबहादुर चिल्ड्रेन स्कूल में शनिवार की सुबह छात्राओं ने दीपावली के अवसर पर स्कूल परिसर में खूबसूरत रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया।प्रधानाध्यापिका शैलबाला श्रीवास्तव ने छात्राओं का हौसला बड़ाते हुए छात्राओं को सम्मानित किया।साथ ही उपस्थित सभी लोगो ने छात्राओं को दीपावली की बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

सकलडीहा थाना में थाना दिवस पर सीओ और एसडीएम रहे मौजूद

प्रखर चंदौली। जिले के सकलडीहा कोतवाली में थाना दिवस पर सीओ और एसडीएम मौजूद रहे जिसमें राजस्व सम्बन्धी देख प्रार्थनापत्र पड़ा और उस प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया और सीओ और एसडीएम द्वारा निर्देश दिया गया कि धनतेरस दीपावली और छठ पुजा को देखते हुए कस्बे में हुआ अन्य गांवों में शांति व्यवस्था बनाये रखें और शान्तिपूर्ण त्योहार मनाए और प्रशासन की तरफ से हाई अलर्ट कर दिया गया है त्योहार को देखते हुए जगह जगह पुलिस बल तैनात कर दी गई है अब तो यह दीपिका नजर आ रहा है कि थाना दिवस पर इससे पहले काफी प्रार्थना पत्र पढ़ते थे लेकिन जो आज थाना दिवस पर 1 ही प्रार्थना पत्र पड़ा इससे यह नजर आ रहा है कि राजस्व विभाग की तरफ से और पुलिस प्रशासन की तरफ से काफी व्यवस्था अच्छी नजर आ रही है ऐसा लगता है कि आने वाले कुछ दिनों में पुलिस के पास 1 भी प्रार्थना पत्र नहीं पड़ेंगे जिसमें देसाई मनीष शंकर द्विवेदी भी मौजूद रहे हुआ अन्य फोर्स भी थानादिवस मौजूद रही .इसी क्रम

में धानापुर थाने में भी थाना दिवस पर सीओ राजेश कुमार राय व एसडीएम मनोज पाठक मौजूद रहे दानापुर थाना में 2 प्रार्थना पत्र पड़े और थाना दिवस समाप्त होने के बाद दिवाली हुआ छठ पूजा को देखते हुए सीओ व एसडीएम द्वारा धानापुर नरौली गंगा घाट का भी निरीक्षण किया गया और थाना दिवस पर आए सभी लोगों को हिदायत दी गई कि दीपावली और छठ पूजा धनतेरस पर शांति व्यवस्था बनाये रखें और शान्ति ढंग से त्योहार मनाए अगर कोई भी व्यक्ति संक्रामक फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी जिसमें राजस्व विभाग की तरफ से लेखपाल व कानूनगो भी मौजूद रहे।

निकाय चुनाव वोटर लिस्ट का पुर्नरीक्षण 31 अक्टूबर तथा दावा 7 नवम्बर तक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 के अधिसूचना के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) आर्यका अखौरी ने सूचित किया है कि जनपद गाजीपुर के समस्त नगर निकायों के निर्वाचक नामावलियो का समय सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण किया जाना है। जिसमें ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन दिनांक 31 अक्टूबर को, ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तिया प्राप्त करने का दिनांक 01 नवम्बर से 07 नम्बर तक, दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 08 नवम्बर से 12 नवम्बर तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही

14 नवम्बर से 17 नवम्बर तक तथा अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन का दिनांक 18 नवम्बर 22 निर्धारित किया गया है। उन्होने निर्देशित किया है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (न०नि०) द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा तथा सर्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने हेतु दिनांक 01 नवम्बर 22 से 04 नवम्बर 22 तक की अवधि में आयोग की वेबसाइट पर भी ऑन लाइन आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा बढ़ायी नही जायेगी। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी सम्बन्धित कार्यालय (सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा समस्त उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जायेगी।

देशी तमंचा सहित दो पशु तश्कर गिरफ्तार एक फरार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गोवंशीय पशुओं को वध हेतु बिहार राज्य ले जाते हुए तीन गो-तस्करो को छह पशुओं को थाना भावरकोल पुलिस द्वारा एक देशी तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया । अपराध एवं अपराधियों/वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम को यह सफलता रात्रि में क्षेत्र के बीरपुर गंगा नदी घाट पर मिली। पुलिस टीम ने गंगा नदी में एक इंजन चलित नाव से 06 गोवंश लादकर वध हेतु बिहार राज्य ले जाते समय रात करीब 3.20 बजे पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में दीना चौधरी पुत्र सौदागर चौधरी, साहेब चौधरी पुत्र शिवसागर चौधरी तथा धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र गोरख गुप्ता निवासीगण ग्राम बीरपुर थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर रहे। जामा तलाशी में अभियुक्त दीना चौधरी से एक देशी तमंचा .315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। वहीं पप्पू चौधरी पुत्र मुनीब चौधरी निवासी ग्राम बीरपुर थाना भाँवरकोल जनपद गाजीपुर मौके से फरार हो गया। बरादगी के आधार पर गौहत्या निवाराण अधिनियम व आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के

सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक विकास सिहं तथा आरक्षीगण चन्द्रभान बिन्द, पंकज सिंह, जितेन्द्र शुक्ला, शिवेन्द्र पाल, अजय कुमार प्रजापति तथा महिला आरक्षी नन्दिनी यादव व प्रियंका राव थाना भाँवरकोल गाजीपुर शामिल रहीं।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं